तापमान
अधिकतम 31.2 डिग्री
न्यूनतम 14.1 डिग्री

हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, शनिवार 22 नवंबर 2025

# महाविद्यालयों से गायब हो रहे विद्यार्थी! ड्रॉपआउट रोकने व तनाव स्तर समझने उनके घर पहुंच रहे प्राध्यापक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

दशकों पहले जब माता-पिता अपने बच्चों का दाखिला विद्यालयों में नहीं करवाते थे, तब गुरुजी उनके घर जाया करते थे। अब प्रोफेसर कॉलेज छात्रों के घर जाकर उनके अभिभावकों से मुलाकात कर रहे हैं। उन्हें बता रहे हैं कि बच्चे का कक्षा में प्रदर्शन कैसा है, परीक्षा में बेहतर करने के लिए कौन से सुधार की जरूरत होगी। इसके अलावा छात्रों की मनोवैज्ञानिक स्थिति जानने, उनके तनाव के स्तर को समझने और उन्हें दूर करने के लिए छात्रों की पारिवारिक पृष्ठभूमि को भी समझ रहे हैं। यह प्रयोग जिले के निजी महाविद्यालय द्वारा किया जा रहा है ताकि वे पालकों संग उनकी बाउन्डिंग बेहतर हो सके और वे छात्रों के प्रदर्शन के संदर्भ में उन्हें विस्तार से बता सकें।

फिलहाल यह प्रयोग जिल के महंत महाविद्यालय द्वारा किया जा रहा है। महाविद्यालय प्रबंधन के मुताबिक, पालक-शिक्षक मीटिंग आयोजित करने पर मुश्किल से 20 प्रतिशत पालक ही ▶▶|शेष पेज 7 पर

## पैरेंट्स-टीचर मीटिंग में पहुंचते हैं सिर्फ 20 प्रतिशत अभिभावक

### वित्तीय स्थिति समझने में मददगार

दरअसल, महाविद्यालय प्रबंधन द्वारा पिछले सत्र में फीस में कुछ प्रतिशत वृद्धि का प्रस्ताव रखा गया था। इसके पहले यह विचार आया कि छात्रों के परिवार से मिला जाए और यह जाना जाए कि वे फीस वृद्धि के बाद पड़ने वाले आर्थिक भार को वहन करने में सक्षम हैं अथवा नहीं। फीस वृद्धि करने के स्थान पर महाविद्यालय प्रबंधन द्वारा पिछले सत्र में 10 लाख रुपए फीस माफ की गई। इसके बाद महाविद्यालयीन समिति द्वारा यह निर्णय लिया गया कि प्रतिवर्ष कम से कम एक बार छात्रों के घर जाकर उनकी पारिवारिक स्थिति ▶▶|शेष पेज 7 पर



### मिला फायदा

प्राध्यापकों की विजिटिंग का लाभ मिला है। कॉलेज छोड़ने वाले विद्यार्थियों की संख्या में कमी आई है और पालक बच्चों के संदर्भ में प्रबंधन से खुलकर चर्चा कर रहे हैं।

-डॉ.देवाशीष मुखर्जी,
प्राचार्य, महंत महाविद्यालय

रेलवे द्वारा ट्रेनों के संचालन के साथ ही आरक्षण चार्ट पर विशेष ध्यान दिया जा रहा

# अब ट्रेन का पहला रिजर्वेशन चार्ट बनेगा 8 घंटे पहले



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय रेलवे ने आरक्षण चार्ट के नियम में एक बार फिर बदलाव किया है। पहला आरक्षण चार्ट ट्रेन रवाना होने के आठ घंटे पहले तैयार हो जाएगा। जोनल रेलवे इसे मैनुअली तैयार नहीं करेंगे, बल्कि वह पूरी तरह ऑटोमेटिक सिस्टम से बनेगा। बोर्ड की इस व्यवस्था से पारदर्शिता बढ़ेगी और यात्रियों को पहले से कन्फर्मेशन की सही जानकारी मिल सकेगी। इसके अलावा अगर निर्धारित समय पर मंडल कार्यालय से चार्ट तैयार नहीं होता है, तो यह कार्य आटोमैटिक ▶▶|शेष पेज 7 पर

### नए नियम के तहत दो बार चार्ट बनेगा

इसी साल आरक्षण चार्ट के नियम में बदलाव किया गया था। जिसके बाद अब संशोधन हुआ है। नए नियम के तहत दो बार चार्ट बनेगा। पहला चार्ट ट्रेन रवाना होने के आठ घंटे के पहले बनेगा। अगर चार्ट नहीं बनता है तो यह आटोमैटिक तरीके से तैयार होगा। समय पर यात्रियों के लिए जारी होगा। इसके लिए क्रिस साफ्टवेयर में बदलाव भी किए जा रहे हैं। दूसरा चार्ट ट्रेन रवाना होने के 30 मिनट से लेकर 60 मिनट पहले जारी होगा।

## खबर संक्षेप

### लकड़ी के बत्ते से किया दंपति पर हमला

**रायपुर।** परिवारिक विवाद के चलते एक व्यक्ति ने दंपति के सिर पर लकड़ी के बत्ता से हमला कर घायल कर दिया। हमले से दंपत्ति को चोटें आई है। खमतराई पुलिस के अनुसार पेशे से रोजी-मजदूरी करने वाला उपकुरा निवासी केशवराम साहू ने अपने बड़े भाई छविराम के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। केशवराम ने पुलिस को बताया कि छविराम उसके घर के पास आकर गाली-गलौज कर रहा था। मना करने पर छविराम ने उसके सिर पर बत्ते से हमला कर दिया। बीच-बचाव करने केशवराम की पत्नी पहुंची तो छविराम ने उसके सिर पर भी बत्ते से हमला कर दिया।

### घूमने जाने से मना करने पर युवक से मारपीट

**रायपुर।** कबीर नगर थाने में एक युवक ने एक अन्य युवक के खिलाफ घूमने जाने से मना करने पर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। वाल्मीकि नगर निवासी सूरज जगत ने दयालु नाग के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है।

चौपाटी के व्यापारियों को सुबह 5 बजे तक दुकान खाली करने की समझाइश

# आज टूट सकती है साइंस कालेज की चर्चित चौपाटी, पुलिस थाने में कहा- बल तैयार रखें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पांच करोड़ की लागत से करीब तीन साल पहले साइंस कालेज के सामने बनाई गई चौपाटी शनिवार सुबह टूटने की संभावना है। चौपाटी में दुकान चलाने वाले व्यापारियों को शुक्रवार की शाम नगर-निगम के कथित कर्मचारी मुंह में गमछा बांधे सुबह 5 बजे तक दुकान खाली करने की समझाइश देते घूमते रहे। वहीं तोड़फोड़ के दौरान मामला बिगड़ने की आशंका पर नगर-निगम के अफसरों द्वारा पुलिस थाने में बल तैयार रखने के लिए सूचना दी गई है। यूथ हब (फूड कोर्ट) के नाम से पहचानी जाने वाली इस चौपाटी में करीब साठ दुकानें हैं। ▶▶|शेष पेज 7 पर

- 5 करोड़ की लागत से करीब 3 साल पहले तैयार हुई थी 60 दुकानों वाली चौपाटी



### ओवरब्रिज के नीचे पार्किंग की योजना

चौपाटी के लिए व्यापारियों के लिए ओवरब्रिज के नीचे जिस जमीन का चयन किया गया था, वह रेलवे की है। रेलवे द्वारा उस जमीन पर पार्किंग बनाने की योजना बना रहा है। इसे ध्यान में रखते हुए उनके द्वारा वहां काम करने वाले मोटर मैकेनिकों को जगह खाली करने का नोटिस दिया गया है। रेलवे द्वारा मालिकाना हक जताने के बाद चौपाटी शिफ्टिंग का मामला ठंडा पड़ गया था।


### शुक्रवार को गुलजार रही चौपाटी

शनिवार की सुबह नगर-निगम द्वारा हटाने की जा रही कार्रवाई के बीच शुक्रवार की शाम चौपाटी लोगों से गुलजार रही। वहां जुटी भीड़ अपने पसंदीदा व्यंजनों का स्वाद लेते हुए शाम एंजॉय करती रही। रात में पूर्व विधायक विकास उपाध्याय के वहां पहुंचने के बाद मामले में थोड़ा बदलाव आया। देर रात पुलिस गाड़ी में काफी संख्या में स्टॉपर भी लाया गया।

### *विरोध की तैयारी भी*

*यूथ हब के व्यापारियों को सुबह 5 बजे तक वहां से हटने का अल्टीमेटम दिया गया है। पश्चिम विधानसभा के पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने कहा कि कांग्रेस पार्टी इसका पुरजोर विरोध करेगी। दुकान को तोड़ने से पहले निगम प्रशासन को कांग्रेस कार्यकर्ताओं के विरोध का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ वहां के व्यापारियों को परिवार के साथ उपस्थित रहने की अपील की है।*

# वनडे मैच की टिकट बिक्री आज शाम 5 बजे से, एक आईडी पर मिलेंगे सिर्फ 4 टिकट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में भारत और दक्षिण अफ्रीका का दूसरा वनडे मैच 3 दिसंबर को खेला जाना है, जिसका टिकट आज शाम 5 बजे से मिलनी शुरू हो जाएगा। ऑनलाइन टिकट जिनी.इन(https://ticket-genie.in) पर उपलब्ध होगा। वहीं बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में 24 से क्यूआर कोड और आधार कार्ड दिखाकर फिजिकल टिकट ले सकेंगे। स्टूडेंट्स ▶▶|शेष पेज 7 पर

### पानी फ्री फ्री में मिलेगा

स्टेडियम के रख-रखाव की जिम्मेदारी अब भी पीडब्ल्यूडी और खेल विभाग के जिम्मे है। इसके इतर क्रिकेट संघ ने स्टेडियम का बेसिक मेन्टेनेंस करना शुरू कर दिया है। संघ ने 22 वॉटर फिल्टर लगवाए हैं। ताकि दर्शकों को पीने का पानी खरीदना ना पड़े। इसके अलावा वेंडर्स खाने-पीने के सामानों का रेट चार्ट लगाकर घूमेंगे। ताकि कोई भी चीजें महंगे दामों पर ना बेची जा सकें।

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

भाग्यशाली विजेताओं के नाम

प्रथम पुरस्कार - (1 तोला, 5 नग) सोने का हार
01. सुशीला पति स्व. श्री दीनबंधू , पता- बैगाटोला ईटार, खैरागढ़ (छ.ग.),
02. बिमला बाई साहू, पति श्री राम आसरा साहू, पता – आबादी पारा खपरी , धमतरी (छ.ग.),
03. हेमकांति गौतम पिता – स्व. श्री त्रिलोचन विश्वकर्मा, पता – रायपुर (छ.ग.)
04. साक्षी निषाद पिता – श्री प्रकाश निषाद, पता – शंकर नगर हाउस न. 455 धांगरडीपा रायगढ़ (छ.ग.)
05. प्रीती पति श्री रामचरण, पता – ग्राम किरना पोस्ट पंडरभाटा मुंगेली (छ.ग.),

द्वितीय पुरस्कार - (1 स्कूटी, EV)
उमा साहू पिता श्री जगन्नाथ साहू
पता – हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी , जगदलपुर बस्तर (छ.ग.),

तृतीय पुरस्कार - (2 नग, रेफ्रीजरेटर)
01. प्रीतम कुमार साहू पिता स्व.श्री कुम्भकरण साहू
पता – मोहदी धरसीवां रायपुर (छ.ग.)
02. निधि अग्रवाल पिता – श्री रतन अग्रवाल
पता लाल कुंआ हनुमान ताल जबलपुर (म.प्र.)

चतुर्थ पुरस्कार - (3 नग, LED TV)
01. कौशल दास मानिकपुरी पिता – हीरा दास मानिकपुरी, पता - शंकर नगर दुर्ग (छ.ग.)
02. चित्रलेखा महंत पति शंकर दास महंत, पता – नीचे मोहल्ला बेलाकछार बालको नगर कोरबा (छ.ग.)
03. सुखदेव पाटिल पिता स्व.श्री नत्थू पाटिल, पता न्यू बाग़ मुगलिया भोपाल (म.प्र.)

नियम शर्तें लागू*
1. भाग्यशाली पाठक कों अपना पहचान पत्र के साथ अखबार का वर्तमान मासिक बिल एवं जमा किये गए फार्मेट का ग्राहक प्रति लाना अनिवार्य हैं। 2. राज्य एवं केन्द्र सरकार की सभी नियम लागू होगा। 3. इस योजना के विजेताओं को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगा। 4. हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। 5. किसी भी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। 6. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते हैं।

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

ਜੇਹਾ ਚੀਰੀ ਲਿਖਿਆ ਤੇਹਾ ਹੁਕਮੁ ਕਮਾਹਿ॥
ਘਲੇ ਆਵਹਿ ਨਾਨਕਾ ਸਦੇ ਉਠੀ ਜਾਹਿ॥

अंतिम अरदास



सतवंत कौर भाटिया
(1954-2025)

अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि सतवंत कौर भाटिया धर्मपत्नि स. महेन्द्र सिंह भाटिया का स्वर्गवास दिनांक 19 नवंबर 2025 को हो गया है। आत्मिक शांति के लिए रखाए गये श्री अखंड पाठ साहिब जी की समाप्ति 23 नवंबर 2025 दिन रविवार को गुरुद्वारा श्री गुरुनानक नगर (श्याम नगर) रायपुर में सुबह 10:00 बजे होगी।

कीर्तन एवं अंतिम अरदास
23 नवंबर 2025 सुबह 11:30 से 01:00 बजे दोपहर
गुरुद्वारा श्री गुरुनानक नगर (श्याम नगर) रायपुर छ.ग. (गुरु का लंगर-01:30 बजे पूर्ण समाप्ति उपरांत)
(सुबह की बैठक 10:00 से 11:00 बजे गुरूनानक नगर गुरूद्वारा हॉल रायपुर)

शोकाकुल परिवार :-महेन्द्र सिंह भाटिया (पति)
अमोलक सिंह भाटिया, गुरमीत सिंह भाटिया, इंद्रपाल सिंह भाटिया
कुलवंत कौर भाटिया (पत्नी स्व. सुरजीत सिंह भाटिया),
सतविंदर सिंह भाटिया (टिवकंल), जगदीप कौर भाटिया (रज्जी)
संदीप सिंह भाटिया-अवनीत कौर भाटिया (रैनी) (पुत्र-पुत्रवधु)
मंदीप सिंह भाटिया-रानी भाटिया (रायपुर), मनिंदर सिंह भाटिया-मीनी भाटिया (गोंदिया) (दामाद-पुत्री)
समस्त भाटिया परिवार (बिलासपुर, चांपा, रायगढ़, रायपुर)
नोट : जिस किसी भी स्नेहीजन को सूचना न मिली हो इसे ही सूचना जाने।

J.J.Ad

# SHRI KHATU SHYAM JYOTISH


प्रतिक्षा कक्ष


प्रतिक्षा कक्ष


पूजा स्थान




परामर्श कक्ष






# जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

## पं. रविकांत शर्मा / पं. एस. के. शास्त्री




हर मुश्किल से मुश्किल समस्या का समाधान
"ज्योतिष मेरा काम नहीं, मेरी साधना है"
"जब कहीं ना हो काम, तो हमसे ले समाधान"



**पं. एस. के. शास्त्री**
जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

**ऑफिस आने पर मात्र ₹ 101/- फोन से परामर्श केवल ₹ 251/-**

व्यापार बढ़ोतरी, किया कराया,
शादी के लिए माता-पिता को मनाना

**जब कही ना हों काम, तो हमसे लें समाधान**



## जन्म पत्रिका बनाई जाती है

- नवग्रह आदि समस्त प्रकार के ज्योतिष समाधान
- व्यापार, विवाह, नौकरी में प्रमोशन
- मकान - संतान योग
- दुकान, बच्चो के कैरियर मार्गदर्शन
- कालसर्प दोष निवारण
- प्रेम विवाह, मोहनी
- मांगलिक दोष निवारण

**बुकिंग के लिए संपर्क करें : +91 7470674060**

असुविधा से बचने के लिए आपॉइंटमेंट लेकर ही मिलें

हमारी अन्य कोई और शाखा नहीं है।

नोट : मिलने के लिए अपॉइंटमेंट लेना आवश्यक है।

**पोलसाय पारा चौक, दुर्ग (छ.ग.)**

मिलने का समय : सुबह 9 बजे से शाम 7 बजे तक

**संपर्क सूत्र :- पं. रविकांत शर्मा एवं पं. एस. के. शास्त्री : +91 9755964567**


हरिभूमि लाइव
रायपुर, शनिवार 22 नवंबर 2025
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937



4 कल्चरल फेस्ट में स्टूडेंट्स ने नरसिम्हा....

## एग्जाम टिप्स

## दसवीं बोर्ड परीक्षा का पैटर्न बदला, अब केवल 1 से 5 अंक तक ही पूछे जाएंगे प्रश्न



**रायपुर।** इन दिनों दसवीं और बारहवीं के विद्यार्थी बोर्ड परीक्षाओं की तैयारियों में जुटे हुए हैं। जनवरी माह में होने वाले प्री-बोर्ड के माध्यम से उनकी तैयारी का जायजा भी लिया जाएगा। इसी बीच छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने इस वर्ष दसवीं कक्षा का ब्लूप्रिंट बदल दिया है। नए पैटर्न के अनुसार अब केवल 1 से 5 अंकों के बीच के प्रश्न ही पूछे जाएंगे, जबकि 6 अंकों के प्रश्न इस बार परीक्षा में शामिल नहीं होंगे। ब्लूप्रिंट में हुए इस बदलाव को देखते हुए, दसवीं के विद्यार्थियों को जीव-विज्ञान विषय में बेहतर तैयारी कराने के उद्देश्य से शासकीय विद्यालय की विषय विशेषज्ञ डॉ. माधुरी बोरेकर ने अभ्यास के लिए विशेष सुझाव और महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की हैं।

### जीव-विज्ञान की बेहतर तैयारी पर टिप्स

- बड़े प्रश्नों की तैयारी डायग्राम के साथ करें।
- डायग्राम में बॉडी पार्ट्स की तैयारी जरूरी।
- डायग्राम को समझाते वक्त हिंदी या अंग्रेजी दोनों भाषाओं में लिखा जा सकता है।
- पैराग्रॉफ के बदले प्वाइंट बनाकर जवाब लिखें।
- धातु और अधातु रासायनिक तत्व के अध्याय की तैयारी करें।
- सूत्र याद करने के लिए पोस्टर बनाकर उसे रोजाना देखें।
- हाइड्रोजन, नाइट्रोजन और ऑक्सीजन बनाने की विधि को याद करें।

### नए ब्लूप्रिंट के आधार पर करें तैयारी

*इस वर्ष नए ब्लूप्रिंट के आधार पर ही प्रश्नपत्र तैयार किया जाएगा, ऐसे में दसवीं के कई अध्याय से 1 अंक के प्रश्न नहीं पूछे जाएंगे। इनमें कुछ विशेष अध्याय को ही शामिल किया गया है। 4-5 अंक वाले प्रश्नों की तैयारी लिखकर करें, ताकि पूरे नंबर मिल सकें। चार्ट पेपर में डाइग्राम बनाकर रोजाना याद करते रहें, हर साल छात्र सबसे अधिक गलती ड्राइग्राम में करते हैं।*

## सिटी इवेंट

## स्कूली बच्चों ने राष्ट्रीय नायकों, स्वतंत्रता सेनानियों और उनके संदेशों को किया प्रकट




**रायपुर।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में बच्चों के लिए विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों के लिए फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। जिसमें लगभग 250 विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रांतों, राष्ट्रीय नायकों, स्वतंत्रता सेनानियों, सामाजिक चरित्रों एवं सांस्कृतिक व्यक्तित्वों की वेशभूषा धारण कर उनकी विचारधारा और संदेशों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। बच्चों की रचनात्मकता, उत्साह और अभिव्यक्ति की सभी ने सराहना की। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य उमाशंकर मिश्र द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर की गई। इस दौरान प्राचार्य ने विद्यार्थियों को बताया कि पं जवाहर लाल नेहरू बच्चों को देश का उज्ज्वल भविष्य मानते थे। उनके विचार आज भी शिक्षा, संवेदना और वैज्ञानिक दृष्टिकोण के निर्माण में मार्गदर्शक हैं। हमें नेहरू के आदर्शों सत्यनिष्ठा, करुणा, प्रगतिशीलता तथा राष्ट्रीय चेतना को अपने जीवन में अपनाकर देश निर्माण में योगदान देना चाहिए।

### चारों सदनों के छात्रों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

प्राचार्य ने बच्चों को आत्मविश्वास, अनुशासन, कौशल और नैतिक मूल्यों को अपने व्यक्तित्व में विकसित करने की प्रेरणा दी और विद्यालय द्वारा हो रहे नवाचारों एवं गतिविधियों की जानकारी भी दी। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता के बाद समूह नृत्य प्रतियोगिता हुई, जिसमें चारों सदनों के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। त्रिशूर मंडप नृत्य एस.वी.एस., मेघा यादव, छत्तीसगढ़ का सुवा नृत्य नितिन एम, उर्वशी, हरियाणवी लोकनृत्य मोनिका, शिल्पा ओझा, राजस्थानी कालबेलिया नृत्य गुरलीन कौर, ज्योति जायसवाल द्वारा आयोजित किया गया। छात्रों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने उपस्थित लोगो की खूब वाहवाही लूटी।

## 4 दिवसीय निशुल्क योग शिविर की हुई शुरुआत, लोगों को मिलेगा लाभ

**रायपुर।** पतंजलि योग समिति की ओर से आम जनता के स्वास्थ्य और कल्याण को ध्यान में रखते हुए एक चार दिवसीय निःशुल्क योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर योग के माध्यम से शारीरिक, मानसिक और आत्मिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। इनमें सुंदर नगर पार्क 2, तिकोना पार्क, गुरुद्वारा के पास, वैशाली नगर में यह शिविर 20 नवंबर से 23 नवंबर तक सुबह 6 बजे से 7.30 बजे तक शिविर आयोजित किया जाएगा। इस विशेष शिविर में अनूप बंसल, सह राज्य प्रभारी, भारत स्वाभिमान न्यास, अपनी उपस्थिति और मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। आयोजन में नरेंद्र पटेल जिला प्रभारी और तिजऊ राम साहू और शंभु कुशवाहा शामिल रहेंगे। शिविर में मुख्य योग प्रशिक्षक शत्रुहन साहू के नेतृत्व में अनुभवी योग शिक्षकों द्वारा योग, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास कराया जाएगा। सहयोग शिक्षक के रूप में मुरलीधर साव, मोहन राम साहू, संतोष चौरसिया, चवन साहू, विनेश्वरी चंद्राकर, रंधावा माता, यशोदा साहू, इंदु ठाकुर, दीक्षा साहू, बसंत वर्मा, धनवंतरी वर्मा, शकुंतला साहू, कुमारी साहू, दिव्या वर्मा, सोनम दीक्षित, एवं वैशाली नगर जोन के सभी योग शिक्षक और कार्यकर्ता अपनी सेवाएं देंगे।

● पीएससी टॉपर्स ने हरिभूमि से खास बातचीत में कहा- नियमित पढ़ाई और धैर्य से ही मिली सफलता

# संघर्ष, संबल और सफलता...अधिकारी बनने पांच सालों तक रोज की 7 घंटे पढ़ाई, हॉबी के सहारे पाया टॉप रैंक

रायपुर। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग ने पीएससी-2024 मुख्य परीक्षाओं के परिणाम गुरुवार को जारी किए हैं। इस बार टॉप-10 में शहर की तुलना में ग्रामीण क्षेत्रों से सर्वाधिक अभ्यर्थियों ने बाजी मारी है, जिनके संघर्ष ने एक बार फिर से उनके सपने को साकार कर दिया है। हरिभूमि ने टॉपर्स से बातचीत की। अभ्यर्थियों ने बताया कि लगातार मेहनत ही सफल होने की जीवन में नई उम्मीद बन पाई। पीएससी में सफल होने के लिए किसी ने अपनी हॉबी को समय दिया, ताकि स्ट्रेस न हो तो कोई 5 साल तक लगातार पढ़ाई से अलग नहीं हुआ। ज्यादातर अभ्यर्थियों को तीसरे व चौथे अटेम्प्ट में टॉप-10 में जगह बनाने में सफल मिली। उनमें लगभग सभी ने प्री-मेंस का एग्जाम क्लीयर किया था।

### गांव के सरकारी स्कूली में पढ़ाई कर तय किया सीजीपीएससी तक का सफर

बेमेतरा जिले के गांव बेतर के अभ्यर्थी भगवंत साहू ने सीजीपीएससी-2024 की मेरिट सूची में 66वां रैंक हासिल कर अपने किसान माता-पिता के सपनों को साकार किया है। ग्रामीण परिवेश में गांव के सरकारी स्कूल में प्राथमिक शिक्षा लेने से लेकर बीटीआई रायपुर में बीटेक सिविल इंजीनियरिंग की डिग्री और फिर सीजीपीएससी की मेरिट सूची में स्थान हासिल करने की अपनी सफलता की कहानी को भगवंत ने हरिभूमि से साझा करते हुए बताया कि इंजीनियरिंग की पढ़ाई खत्म होने के बाद से ही सीजीपीएससी की तैयारी 2020 से सेल्फ स्टडी के साथ शुरू कर दी थी। सीजीपीएससी की चार साल की रात-दिन की कड़ी मेहनत, लगन के अलावा मेरे माता-पिता का आशीर्वाद इस सफलता की कुंजी साबित हुआ है। यह सफलता पिछले सीजीपीएससी की चार अटेंप्ट और 2 साक्षात्कार के बाद हासिल हुई है। आखिरकार मेरी शिक्षा के प्रति लगन पहली कक्षा से सीजीपीएसी की आखिरी परीक्षा तक नियमित रही। मैं समझता हूं कि किसी भी परीक्षा में उत्कृष्ट परीणाम हासिल करने के लिए एकाग्रता के साथ नियमित प्रयास बेहद आवयश्यक होता है।



### 5 अटैंप्ट में क्रैक, हर बार की असफलता के कारणों को डायरी बनाकर किया दूर

राजधानी के प्रोफेसर कॉलोनी के रहने वाली स्वाति साहू ने सीजीपीएससी-2024 की मेरिट सूची में 73वां स्थान हासिल किया है। उन्होंने बताया कि वह बीएससी बॉयोलॉजी में ग्रेजुएशन करने के बाद 2019 से सीजीपीएससी की तैयारी में जुटी हुई थी और 5 अटेंप्ट के बाद उन्हें यह सफलता मिली है। मां सरकारी स्कूल टीचर हैं और पापा प्राइवेट जॉब से रिटायर हो चुके हैं। हर बार असफलता मिलने पर डायरी बनाकर कारणों को नोटिस किया और उसे दूर किया। मैंने सेल्फ स्टडी कर सीजीपीएससी क्रैक किया है। अब नई जिम्मेदारी का निर्वहन करने के लिए उत्साहित हूं।



### छोटे भाई को अफसर बनाने बड़े भाई ने प्राइवेट स्कूल में की जॉब



मुंगेली जिले के पोलेश्वर साहू ने सीजी पीएससी में चौथा रैंक हासिल किया है। इस सफलता के पीछे उनके बड़े भाई सोम साहू की अहम भूमिका रही। उन्होंने अपने छोटे भाई के अफसर बनने का सपना पूरा करने के लिए खुद प्राइवेट स्कूल में नौकरी करना शुरू किया, ताकि पढ़ाई का खर्च उठाया जा सके और परिवार की जिम्मेदारियां भी निभाई जा सकें। पोलेश्वर ने बताया कि साल 2021 में कोरोना के दौरान पिता की मृत्यु हो गई थी, जिससे परिवार पर गहरा आर्थिक संकट आ गया। उसी समय उन्होंने ठान लिया कि अब पीएससी की तैयारी पूरी ताकत से करेंगे। पहले उनका लक्ष्य सिर्फ एक सरकारी नौकरी पाना था, जिससे घर की स्थिति सुधर सके। घर की आमदनी केवल खेती पर निर्भर थी। लगातार संघर्ष और 5 साल की मेहनत के बाद पोलेश्वर को चौथे प्रयास में ये बड़ी सफलता मिली है।

### किसान की बेटी ने पीएससी को सातवें अटेम्पट में मिला 86वां रैंक



सारंगढ़ निवासी किसान की बेटी मोंगरा पटेल ने पीएससी की परीक्षा में सातवीं बार में 86वां रैंक प्राप्त किया है। उन्होंने चर्चा में बताया कि पिताजी गांव में खेती-किसानी करते हैं। रायपुर में छोटे भाई के साथ रहते हुए एक प्राइवेट कॉलेज से इंजीनियरिंग करने के बाद भी जब प्लेसमेंट नहीं मिला तो पीएससी की तैयारी सात साल पहले शुरू की। इसके लिए किसी से कोचिंग नहीं ली, बल्कि खुद नोट्स तैयार करके पढ़ाई करती रही। हर बार पीएससी पास तो हो जाती थी, लेकिन रैंक नहीं आने से दिक्कत होती थी। इस बार रैंक को देखते हुए उम्मीद है कि सेवा का अवसर भी मिलेगा। उन्होंने बताया कि बड़े भाई योग शिक्षक हैं। मैंने इंजीनियरिंग को कॅरियर के रूप में चुना। इसके लिए पढ़ाई करते समय कई सीनियर्स को पीएससी की तैयारी करते और पास होते देखकर मैने भी इस परीक्षा को पास करने का मन बनाया। बाजार से किताबें लाने के बाद खुद नोट्स बनाने लगी। पहली बार मिली सफलता के बाद भी रैंक नहीं मिलने से थोड़ी निराशा तो हुई, लेकिन हताशा को आसपास भी नहीं आने दिया।

### सिविल इंजीनियर बनने के बाद प्रशासनिक सेवा में जाने का मन

शहर के डीडीनगर में रहते हुए सिविल इंजीनियरिंग करने वाले अंबिकापुर निवासी निखिल केसरी को 6वीं बार में बेहतर रैंक मिला। उन्होंने बताया कि पिताजी किराना व्यावसाय से जुड़े हैं। बड़े भैया उनका कारोबार में सहयोग करते हैं। मैंने स्कूल में पढ़ाई के दौरान ही तय कर लिया था कि मुझे जॉब करनी है, लेकिन पीएससी की तैयारी का मन जब कॉलेज में पढ़ने आया, तब सीनियर्स को सफलता मिलते देखने का बाद बनाया। उनके मार्गदर्शन में ही एक प्राइवेट कोचिंग सेंटर से जुड़कर परीक्षा की तैयारी शुरू की। इस फील्ड में सफलता के लिए कई बार प्रयास किए, लेकिन इस बार 92वां रैंक मिलने से सेवा में जाने की उम्मीद है।



### बस्तर पोस्टिंग वाले सवाल ने बदली जिंदगी, यहीं टर्निंग पॉइंट रहा



*कोई बात नहीं, अगली बार जरूर हो जाएगा... हर असफलता के बाद माता-पिता का मेरे प्रति विश्वास ही मेरी कामयाबी का कारण है, यह कहना है सीजीपीएससी टॉपर 48 वें रैंक पर आए रोहित कुमार वर्मा का। उन्होंने बताया, इंजीनियरिंग के बाद साल 2019 से तैयारी शुरू की, हर अटेम्प्ट में केवल असफलताएं ही मिलीं। उनके चयन में सबसे अहम भूमिका एक सवाल के बेहतर जवाब ने निभाई। इंटरव्यू के दौरान पूछा गया था, अगर आपकी पोस्टिंग बस्तर के ग्रामीण क्षेत्र में हो तो सोशल मीडिया के माध्यम से शिक्षा और स्वास्थ्य के प्रति लोगों को कैसे जागरूक करेंगे? इस सवाल के जवाब में उन्होंने 'नियद नेल्लानार' योजना का उल्लेख किया, जो इंटरव्यू बोर्ड विशेष रूप से सुनना चाहता था। जैसे ही उन्होंने इस योजना का नाम लिया, इंटरव्यूअर के चेहरे पर संतोष की मुस्कान दिखाई दी और उनके चेहरे की मुस्कान ही मेरी सफलता का कारण बनी। यह मेरा छठवां अटेम्प्ट था, जिसकी तैयारी लाइब्रेरी से की। शुरुआत के तीन साल असफलता के बाद, सीनियर्स की हौसला अफजाई और बेहतर सलाह के बाद ही पहली बार प्रीलिम्स पास किया। अब तक रोजाना 12-14 घंटे केवल पढ़ाई की और खुद को बेहतर बनाने का प्रयास करता रहा।*

### पिता के बाद संभाली परिवार की जिम्मेदारी, पांचवे प्रयास में सफलता

धमतरी की पीएससी अभ्यर्थी 29 वर्षीय सत्या गुप्ता ने अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति और कड़ी मेहनत के दम पर जीवन की चुनौतियों को अवसर में बदला है।



बातचीत में सत्या ने बताया, वर्ष 2019 में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी शुरू की थी और एक वर्ष बाद 2020 में स्टेट टैक्स इंस्पेक्टर के पद पर चयनित हो गईं। बचपन से ही पिता का सपना रहा कि वे शासकीय वर्दी में नजर आएं, लेकिन परिणाम से कुछ महीने पहले ही पिता का देहांत हो गया। यह उनके जीवन का अधूरा सपना बन गया, जहां वे अपने पिता को अपनी कामयांबी बता न सकीं। इसके बाद घर की बड़ी बेटी होने का दायित्व और छोटे भाई-बहनों के पढ़ाई की जिम्मेदारियों को पूरा करते हुए, पढ़ाई दुबारा शुरू की। यह उनका पांचवा प्रयास था, जिसमें उन्होंने 65वां रैंक हासिल किया है। खुद को बेहतर बनाने के लिए सत्या गुप्ता ने छुट्टियों और ऑफिस के बाद का पूरा वक्त केवल पढ़ाई किया।

### पढ़ाई से जब बढ़ा स्ट्रेस तो हॉबी ने दी ऊर्जा



पाटन जिले के आदित्य चंद्राकर ने छत्तीसगढ़ पीएससी 2025 में 46वां रैंक हासिल कर बड़ी सफलता पाई है। ये सफलता उन्हें चौथे प्रयास में मिली। आदित्य ने बताया कि उन्होंने 2021 से पीएससी की तैयारी शुरू की थी और 5 वर्षों से लगातार मेहनत कर रहे थे। उन्होंने कहा, हर दिन 7-8 घंटे की पढ़ाई के बाद जब मानसिक थकान या स्ट्रेस महसूस होती थी, तब मैं अपनी हॉबी से जुड़ जाता था। जिम जाना, फिजिकल एक्टिविटी और खुद को फिट रखना आदित्य के लिए स्ट्रेस से उबरने का सबसे अच्छा तरीका बना। यही बैलेंस उन्हें लंबे समय तक तैयारी में टिकाए रखने में मदद करता रहा। आदित्य के बड़े भाई डीएसपी हैं। उन्होंने बताया कि 2019 में भाई के डीएसपी बनने के बाद उनका मोटिवेशन काफी बढ़ गया था। प्रशासनिक कामकाज को वह भाई से सीखते थे। नालंदा में रहकर पढ़ाई के दौरान जब ओपी चौधरी सर जैसे अफसरों को सामने देखा और सुना, तभी मन में ठान लिया था कि उन्हें भी पीएससी क्लीयर करना है।

### चुनौतियों से बचने के बजाय उसका सामना करें

रायपुर। न्यू राजेंद्र नगर के महावीर नगर में रहने वाली सुमन श्यामनानी को पीएससी परीक्षा में इस बार 113वां रैंक प्राप्त हुआ है। 6वीं बार में मिली सफलता को लेकर उन्होंने बताया कि इससे पहले बेहतर रैंक की वजह से फाइनेंस डिपार्टमेंट में एकाउंटेंट की जॉब करने का अवसर मिला। इस बार बेहतर रैंक नहीं आया है, इसे देखते हुए आगे बढ़ने का कोई मन नहीं बनाया है। फैमिली बैकग्राउंड को लेकर बताया कि पापा खुद का व्यवसाय करते हैं। बड़े भैया उनके व्यवसाय को आगे बढ़ाने में सहयोग करते हैं। सिविल इंजीनियरिंग करने के बाद भी जब प्लेसमेंट नहीं मिला तो पीएससी परीक्षा के लिए प्रयास शुरू किया।

## सालों पुराने केस भी अब एप की मदद से पढ़ सकेंगे लॉ स्टूडेंट्स

# अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार में भारतीय ज्ञान प्रणाली के वैदिक गणित के महत्व पर शोधपत्र पेश करेंगे स्कॉलर्स

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** शासकीय जे. योगानंदम छत्तीसगढ़ महाविद्यालय द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत "भारत में लोकतंत्र के 75वें वर्ष की यात्रा और भारतीय ज्ञान प्रणाली" विषय पर तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है। इस सेमिनार में देश-विदेश के शोधार्थी और विशेषज्ञ शामिल होंगे। कार्यक्रम को लेकर महाविद्यालय के छात्रों ने भी विशेष तैयारी की है। उन्होंने वैदिक गणित, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से लॉ विभाग में बदलाव एवं प्रशासनिक कार्यप्रणाली में नवाचार जैसे विषयों पर नई योजनाएं और शोधपत्र तैयार किए हैं। यूनिक आइडियाज के साथ कॉलेज के स्कॉलर्स सेमिनार में मलेशिया, बैंकॉक, श्रीलंका, तुर्की और जिम्बाब्वे के विशेषज्ञों के बीच अपने कार्यों को प्रस्तुत कर देश का प्रतिनिधित्व करने जा रहे हैं।

### प्रशासनिक कार्यप्रणाली में नवाचार की पहल



आजादी के 75 वर्षों के बाद भी देश की प्रशासनिक कार्यप्रणाली राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक रूप से पूरी तरह सशक्त नहीं हो पाई है। इस चुनौती को देखते हुए स्कॉलर संजिका तिवारी ने इस क्षेत्र में सुधार और नवाचार को बढ़ावा देने की बात कही। उन्होंने बताया कि इस प्रयास में वैदिककाल के सभा-समिति के विचारों को आधार बनाकर आधुनिक प्रशासनिक प्रणालियों में सुधार लाने पर जोर दिया जा रहा है। शोध के दौरान देश के जनसंचार तंत्र में मौजूद चुनौतियों पर भी ध्यान दिया गया है, ताकि प्रशासनिक कार्य सरल, पारदर्शी और प्रभावी बन सकें। साथ ही एआई टूल्स की मदद से नवाचार के साथ रोजगार, सुरक्षा, प्रशासन, स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्रों में विशेष प्रबंधन की सूची तैयार की गई है। यह पहल प्रशासनिक सुधार और नवाचार के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम हो सकता है।

### लॉ नोट्स और केस स्टडी के लिए मोबाइल एप की मदद



भविष्य में शिक्षा को सरल बनाने के उद्देश्य से स्कॉलर रेणुका ठाकुर ने शोधपत्र तैयार किया है। इसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से लॉ विभाग की पढ़ाई को आसान बनाने पर विशेष काम किया जा रहा है। रेणुका के बताया कि अब तक लॉ के अभ्यर्थी केवल लाइब्रेरी के नोट्स या किताबों पर निर्भर होकर केस स्टडी करते थे। इस नवाचार से लॉ के नोट्स और केस स्टडी को एआई से तैयार एप के माध्यम से मोबाइल पर उपलब्ध कराए जाएंगे, इससे विद्यार्थी सालों पुरानी केस स्टडी कुछ मिनट में ही पढ़ सकेंगे। यह योजना लॉ की पढ़ाई को अधिक इंटरैक्टिव और तकनीकी रूप से सरल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास बन सकता है।

### वैदिक गणित तकनीक से छात्रों की गणित क्षमता मजबूत

इन दिनों छात्र भारतीय शिक्षा प्रणाली से दूर होते जा रहे हैं, ऐसे में वैदिक गणित की सरल थ्योरी छात्रों के लिए गणित सीखने और सवाल हल करने का बेहतर माध्यम बन सकता है।



स्कॉलर कविता पटेल ने बताया कि सेमिनार में अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञों के समक्ष वैदिक गणित के महत्व पर शोधपत्र पेश करने जा रही हैं, जो भारतीय ज्ञान प्रणाली पर आधारित होगा। उन्होंने निखिलम विधि, एक न्यूनेन पूर्वेण विधि, एकाधिकेन विधि और एकाधिकेन पूर्वेण विधि जैसी वैदिक गणित तकनीकों की महत्ता को विशेषज्ञों के बीच लाने का प्रयास किया है। ये विधि छात्रों को कम समय में जटिल गणितीय सवाल हल करने में मदद करेंगी और गणित के विषय को अधिक मजबूत बनाएंगी।

## सिटी लाइव

# स्वास्थ्य संस्थानों में संक्रमण के प्रसार को रोकने दिए टिप्स



**रायपुर।** संक्रमण रोकथाम एवं नियंत्रण और अस्पताल जनित संक्रमण पर दो दिवसीय संभाग स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। स्वास्थ्य संस्थानों में संक्रमण के प्रसार को रोकने, उपचार प्रक्रियाओं को अधिक सुरक्षित बनाने और रोगी सुरक्षा को सुदृढ़ करने के लिए प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण का मुख्य संदेश स्वच्छ हाथ, सुरक्षित अस्पताल और स्वस्थ छत्तीसगढ़ रखा गया था। प्रशिक्षण का उद्घाटन डॉ. पी महेश्वर, डॉ प्रियंका शुक्ला और डॉ. गजेन्द्र सिंह दवरा किया गया। इस अवसर पर संभाग के सभी जिलों से चिकित्सा अधिकारी, नर्सिंग अधिकारी, और जिला आरएमएनसीएच सलाहकार शामिल हुए।

### समय पर संक्रमण की पहचान जरुरी

प्रतिभागियों को मानक सावधानियों, हाथ स्वच्छता, पीपीई का सही उपयोग, सुरक्षित इंजेक्शन प्रथाएं, बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन तथा संक्रमण निगरानी और प्रबंधन पर गहन तकनीकी और व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। विशेषज्ञों ने बताया कि समय पर संक्रमण की पहचान, सतत निगरानी और प्रभावी नियंत्रण उपायों को अपनाकर अस्पताल जनित संक्रमणों की घटनाओं में काफी कमी लाई जा सकती है। प्रशिक्षण के दौरान केस स्टडी, समूह चर्चा और व्यावहारिक अभ्यासों के माध्यम से प्रतिभागियों ने वास्तविक परिस्थितियों में समाधान खोजने और लागू करने के कौशल विकसित किए। संक्रमण नियंत्रण केवल संस्थागत दायित्व नहीं, बल्कि प्रत्येक स्वास्थ्यकर्मी की सामूहिक जिम्मेदारी पर जोर दिया गया।

## धर्म लाइव

# अग्रसेन धाम में बांके बिहारी के प्राकट्योत्सव की मचेगी धूम



**रायपुर।** भगवान बांके बिहारी के प्राकट्योत्सव का भव्य आयोजन रायपुर में पहली बार किया जा रहा है। इस आयोजन को बांके बिहारी समिति द्वारा किया जा रहा है। समिति के अध्यक्ष सीए राजेश अग्रवाल ने शुक्रवार को प्रेस क्लब में कान्फ्रेंस के दौरान बताया कि यह आयोजन भक्तों को श्रीकृष्ण की भक्ति से ओतप्रोत करने वाला रहेगा। भगवान बांके बिहारी के प्राकट्य दिवस को हर्षोल्लास से मनाने के उद्देश्य से 25 नवंबर को अग्रसेन धाम में यह धार्मिक अनुष्ठान किया जाएगा। सुबह 9 बजे भगवान का मंत्रोच्चार के साथ विधिवत अभिषेक किया जाएगा, इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भी शामिल होंगे। इसे देखते हुए व्यवस्था बनाने के लिए तैयारी के साथ कार्यों का विभाजन भी किया गया है।

### वृंदावन के भजन गायक देंगे भक्तिमय माहौल

भगवान का अभिषेक होने के बाद 11 बजे आरती की जाएगी। इस भव्य आरती से मंदिर परिसर में भक्तिमय वातावरण बनेगा। दोपहर 12 बजे भगवान को छप्पन भोग अर्पित किया जाएगा। ठाकुरजी को भोग लगाने के बाद भक्तों को प्रसाद वितरित किया जाएगा। तीन बजते ही प्राकट्य उत्सव पर रोशनी की जाएगी। इसके बाद आचार्य प्रदीप गौर द्वारा बांके बिहारी के प्राकट्य और लीला के महत्व पर विशेष प्रवचन दिया जाएगा। शाम 7 बजे से भजन संध्या की श्रृंखला में वृंदावन के प्रसिद्ध भजन गायक हरिबोल एवं ग्रुप द्वारा भक्तिमय प्रस्तुति दी जाएगी। भजन संध्या के समापन पर भक्तों को प्रसाद वितरित किया जाएगा।

## कैंपस इवेंट

# पब्लिक हेल्थ एंड हाइजीन पर एम्स के डाक्टर्स ने कॉलेज में दी सीख



**रायपुर।** शहर के गुढ़ियारी स्थित शासकीय कॉलेज में शुक्रवार को हिंदी विभाग द्वारा पब्लिक हेल्थ एंड हाइजीन विषय पर बैचलर ऑफ आर्ट, कॉमर्स एवं साइंस के विद्यार्थियों के लिए व्याख्यान तथा प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इसमें प्राथमिक उपचार, संक्रामक और गैरसंचारी रोग, अवसाद, गठिया, कुपोषण के संबंध में जानकारी दी। व्याख्यान एवं सीपीआर के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। इसके लिए एम्स रायपुर के डिपार्टमेंट ऑफ कम्युनिटी एंड फैमिली मेडिसिन के प्रोफेसर डॉ. अंजन कुमार गिरी ने छात्रों को संक्रामक रोगों से बचाव के संबंध में जानकारी प्रदान की। श्री गिरी ने बताया कि आजकल युवा पीढ़ी में ड्रग्स लेने की बुरी लत लग गई है।

### सीपीआर देने से पहले मरीज को कैसे पहचानें

उन्होंने बताया कि आजकल सर्दी का मौसम है, इस कारण इस कारण क्षेत्र में काला धुंआ छाया रहता है। उरला, सिलतरा की कंपनी होने के कारण वायु में बेहद प्रदूषण है। इससे सांसों के साथ फेफड़ों में जमा होता है। इससे फेफड़े खराब होने की शिकायत बढ़ रही हैं। डॉ. जयश्री आर. घाटे ने छात्रों को कार्डियक की शिकायत पर किस तरह सीपीआर देना है। आने वाले मरीज को कैसे पहचानें व उसके क्या लक्षण होते हैं। कॉलेज की प्राचार्या डॉ. मधुलिका अग्रवाल ने छात्रों की जिज्ञासा को शांत करने के लिए सवालों के जवाब दिए।

4

'शिवोम संस्कृति' एनुअल कल्चरल फेस्ट का आयोजन, दिखी भारतीय संस्कृति-शौर्य की झलक

# कल्चरल फेस्ट में स्टूडेंट्स ने नरसिम्हा, ऑपरेशन सिंदूर, महाकुंभ और छावा थीम पर मचाई धूम

'शिवोम संस्कृति' एनुअल कल्चरल फेस्ट में स्कूली छात्र-छात्राओं ने थीम बेस्ड प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। शुक्रवार को जीई रोड स्थित पं. दीनदयाल ऑडिटोरियम में शाम 5.30 बजे से शिवोम विद्यापीठ स्कूल सांकरा द्वारा भव्य 'शिवोम संस्कृति' एनुअल कल्चरल फेस्ट आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अपनी अद्भुत कला, सांस्कृतिक प्रतिभा और शानदार मंचीय प्रस्तुति से दर्शकों का मन मोह लिया। महोत्सव में प्रतिभागी छात्र-छात्राओं ने भारतीय संस्कृति और शौर्य पर आधारित नरसिम्हा, ऑपरेशन सिंदूर, महाकुंभ, छावा जैसी थीम बेस्ड कल्चरल प्रस्तुतियों से धूम मचा दी।

**रायपुर।** स्कूल की सभी क्लास के विद्यार्थियों ने स्क्रीन बैकग्राउंड, साउंड के साथ ही पारंपरिक वेशभूषा में गीत-नृत्य, नाटिका थीम पर भारतीय वीर नायकों, संतों और ऐतिहासिक गौरवशाली गाथाओं को मंच पर प्रस्तुत कर दर्शकों का दिल जीत लिया। शिवोम विद्यापीठ संस्था के असिस्टेंट डायरेक्टर अशरफ अली कहा कि 'शिवोम संस्कृति' का उद्देश्य विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, सांस्कृतिक गौरव, सामाजिक मूल्यों और रचनात्मक अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम में विद्यार्थियों सहित शिक्षक, बच्चों के अभिभावक और अतिथियों ने उपस्थित होकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया और आयोजन की सराहना की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि, छत्तीसगढ़ शासन के वित्त मंत्री ओपी चौधरी उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यालय की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कहा कि "शिवोम विद्यापीठ के बच्चे न केवल शिक्षा में उत्कृष्टता दिखा रहे हैं, बल्कि सांस्कृतिक मूल्यों और भारतीय परंपरा को भी बड़े गर्व के साथ आगे बढ़ा रहे हैं। ऐसे कार्यक्रम बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम की अध्यक्षता रूपनारायण सिन्हा, चेयरमैन छत्तीसगढ़ योग आयोग ने की। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि "शिवोम संस्कृति जैसे आयोजन विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, मंचीय अभिव्यक्ति और टीमवर्क की भावना को मजबूत करते हैं। विद्यालय प्रबंधन और शिक्षकों की यह पहल प्रशंसनीय है।"





### मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान

कार्यक्रम में अतिथियों ने इंशात विशाल को 'शिवोम रत्न' देकर सम्मानित किया। साथ ही क्लास 12वीं के टॉपर लक्ष्य मधुकर और क्लास 10वीं की टॉपर गुनिका साहू को भी पुरस्कृत कर उत्साहवर्धन किया गया। कल्चरल फेस्ट के मंच पर सम्मानित होकर छात्र-छात्राओं व उनके पैरेंट्स के चेहरे खुशी से खिल गए। शिवोम विद्यापीठ संस्था के मैनेजिंग डायरेक्टर प्रणव शर्मा, असिस्टेंट डायरेक्टर अशरफ अली और प्राचार्या जया बंदेलु के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित हुआ।

### दिया सेव वाइल्ड, सेवा एनिमल्स का मैसेज

छात्र-छात्राओं ने जंगल बुक थीम की प्रस्तुति से पर्यावरण संरक्षण के प्रति दर्शकों को जागरूक किया। बच्चों ने पेड़, शेर, हिरण, हाथी व दूसरे वाइल्ड लाइफ कैरेक्टर्स के गेटअप में मंच पर आकर सेव वाइल्ड, सेवा एनिमल्स का मैसेज दिया। स्कूली बच्चों द्वारा बड़ों को इतना गंभीर व जरूरी संदेश बड़े ही मनोरंजक ढंग दिया गया कि दर्शक भावविभोर हो गए।



### जय भवानी, जय शिवाजी की गूंज

प्रतिभागी छात्र-छात्राओं ने पारंपरिक वेशभूषा में छावा फिल्म के गीतों व संवाद के साथ वीर शिवाजी महाराज के पराक्रम, शौर्य और युद्ध के दृश्यों को अपनी प्रस्तुति से जीवंत रूप से मंच पर प्रदर्शित किया। इस दौरान पूरा ऑडिटोरियम जय भवानी जय शिवाजी की जयकारे से गूंज उठा। छात्र-छात्राओं की थीम बेस्ड यह नृत्य नाटिका देख दर्शकों में देशभक्ति की भावना जागृत हो उठी।

### पंथी नृत्य व गीतों से दिया मानवता का संदेश



स्कूल के प्रतिभागी छात्र-छात्राओं ने मनखे-मनखे हे एके बरोबर, गुरु के बानी हे कतकता सुग्घर...सन्ना न नन्ना....आदि गीतों पर पंथी नृत्य की भव्य व भक्तिमय प्रस्तुति से मानवता का संदेश दिया। छात्र-छात्राओं की समूह ने जब मंच पर पंथी नृत्य व गीतों की प्रस्तुति दी तो कार्यक्रम में उपस्थित ऑडियंस भी झूम उठे। श्वेत रंग वेशभूषा में हाथों में सादा झंडा लिए छात्र-छात्राओं ने मांदर के थाप पर पंथी नृत्य की प्रस्तुति से माहौल में ऊर्जा का संचार किया।

# सोहागा मंदिर के नवनिर्मित धर्मशाला में जरुरतमंदों को मिलेंगी बेहतर सुविधाएं

**रायपुर।** ब्राह्मणपारा स्थित श्री राधाकृष्ण स्वामी मुरली मनोहर सोहागा मंदिर में 1.40 करोड़ की लागत से 20 कमरों के साथ ही एक बड़ा हॉल और पार्किंग बनकर तैयार हो गए हैं। इस नवनिर्मित धर्मशाला भवन का लोकार्पण समारोह दंडी स्वामी डॉ. इंदुभवानंद तीर्थ महाराज की गरिमामयी उपस्थिति एवं पूर्व राज्यपाल रमेश बैस के मुख्य अतिथ्य में किया गया। समारोह की अध्यक्षता रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल के साथ विधायक सुनील सोनी ने की। पूर्व मंत्री रविंद्र चौबे, महापौर मीनल चौबे के विशिष्ट आतिथ्य में लोकार्पण हुआ। इस मौके पर पूर्व राज्यपाल श्री बैस ने कहा कि समाज के लिए उपयोगी बनना सौभाग्य की बात है। इसलिए जब मैं पद पर था, तब भी सामाजिक के कार्यों में सहयोग के लिए तत्पर था और आज भी सामाजिक कार्य के लिए हमेशा तत्पर रहता हूं। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण समाज के बीच कहा कि समाज के मार्गदर्शन में निरंतर सामाजिक कार्यों के माध्यम से समाज के विकास में लगे रहना, प्रदेश और राष्ट्र के लिए जरूरी है।





**सही जगह उपयोग करने वाले लोग भी पात्र :** दंडी स्वामी डॉ. इंदुभवानंद तीर्थ ने आशीर्वाद प्रदान करते हुए कहा कि जिन्हें दान करने की इच्छा होती है, उनके पास साधन नहीं होते। जिनके पास साधन होते हैं, उन्हें दान करने की इच्छा नहीं होती, पर जिनके पास साधन भी हो और दान करने की इच्छा भी हो, उन्हें सही पात्र नहीं मिलता। यह सौभाग्य की बात है कि यहां उपस्थित सज्जनों के पास साधन भी है और दान करने की इच्छा भी है। दान प्राप्त करके उन्हें सही जगह उपयोग करने वाले लोग पात्र भी हैं। सभी का लोक सेवा के माध्यम से कल्याण हो, यही आशीर्वाद है। अतिथियों के स्वागत के बाद मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण समाज के दानदाताओं के सहयोग से निर्मित सर्व सुविधायुक्त धर्मशाला भवन आज से समाज को समर्पित है।

### भवन निर्माण में सहभागी बनना हमारा सौभाग्य

श्री शर्मा ने कहा, समाज के इस कार्य के लिए हम सब माध्यम बने, यह हमारा सौभाग्य है। इस अवसर पर मंच पर उपस्थित अतिथियों ने सभी दानदाताओं का शॉल, श्रीफल, राधाकृष्ण मुरली मनोहर का चित्र भेंट करके सम्मान किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मेघेश तिवारी ने किया। इस अवसर पर मंदिर ट्रस्ट कमेटी के प्रदीप नारायण तिवारी, भूपेंद्र शर्मा, हरीश मिश्रा, संजय दीवान सहित प्रमुख दानदाताओं के साथ छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण समाज के लोग उपस्थित थे।

# ज्ञान, भक्ति, ध्यान सबका प्रदर्शन नहीं, दर्शन होना चाहिए



**रायपुर।** तेलीबांधा में आयोजित कथा में गुरुदेव संकर्षण शरण ने गीता ज्ञान अमृतवर्षा की कथा में बताया कि ज्ञान, भक्ति, ध्यान सबकुछ प्रदर्शन करने की विषयवस्तु नहीं है, अपितु इन सबका हमें दर्शन करना चाहिए। प्रयागराज में ज्ञान की देवी मां सरस्वती लुप्त हैं, वे संकेत देती हैं कि हमें जहां पर आवश्यकता हो, वहीं पर ज्ञान प्रकट करना चाहिए। सभी जगह अपनी ज्ञान का प्रदर्शन नहीं करें, ज्ञान का दर्शन करना चाहिए, सब तरह से ज्ञान लेना चाहिए। मां गंगा भक्ति का प्रतीक है, जो निरंतर बह रही है। भक्ति निरंतर प्रमात्मैक प्रति होनी चाहिए, भक्ति में दिखावा नहीं होना चाहिए। आगे भगवान कहते हैं कि ध्यान से श्रेष्ठ ज्ञान है और उससे भी श्रेष्ठ कर्मफलों का त्याग है। लीन होकर कर्म करना, लेकिन बिना किसी कामना के कर्म करना, कर्म के फलों का त्याग करना श्रेष्ठ होता है। इस प्रकार का कर्म यज्ञ बन जाता है, नारायण स्वयं यज्ञ हैं, यज्ञ की तरह कर्म करने की बात बताई गई। कर्म के फलों की त्याग से फल रहित कर्म करने से मन में शांति होती है। काफी संख्या में लोगों की भीड़ रही। आयोजक कविता चिंतामणि कश्यप ने बताया कि कल 3 बजे से हवन होगा, जो कि जल और पुष्प से किया जाएगा।

# अचानक ब्लडप्रेशर बढ़ने से होने वाली मौत को रोकने की गई पहल

**रायपुर।** जैन संवेदना द्वारा इस वर्ष मानव सेवा और साधर्मिक भक्ति का चातुर्मास मनाया गया। भगवान महावीर स्वामी के जीयो और जीने दो, दया, करुणा, अहिंसा के मार्ग पर चलते हुए सर्वधर्म व साधर्मिक भाई-बहनों को बीपी-शुगर टेस्टिंग इक्यूपमेंट निशुल्क दिया गया। जैन संवेदना ट्रस्ट के महेंद्र कोचर और विजय चोपड़ा ने बताया कि युवाओं का अचानक बीपी बढ़ने से होने वाली आकस्मिक मौत को देखते हुए घर पर ब्लडप्रेशर नापने की मशीन और शुगर टैस्टिंग इक्यूपमेंट का वितरण किया गया। इस साल के चातुर्मास में विशेष अभियान चलाकर 4000 नग बीपी, शुगर इक्यूपमेंट वितरण का लक्ष्य पूरा किया है। वर्तमान में युवाओं की हार्टअटैक से मौत की घटनाओं की बढ़ोतरी हुई है। परिवारों में ब्लडप्रेशर व शुगर की बीमारियों ने अनेक जानें ली हैं। ब्लडप्रेशर कम-ज्यादा होना जीवन के लिए घातक हो रहा है । जैन साधर्मिक परिवारों के लिए स्वास्थ्य सजग प्रहरी योजना का विस्तार किया गया। इस योजना में 2500 रुपए की सहयोग राशि प्रदान करके एक साधर्मिक परिवार के सजग प्रहरी बन सकते हैं। इस योजना के अंतर्गत बीपी और शुगर जांच की मशीनों का वितरण किया गया। आगे बताया कि नौकरीपेशा और मध्यमवर्गीय जैन परिवारों को जरूरत के अनुसार एक ब्लडप्रेशर मशीन और एक शुगर टेस्टिंग इक्यूपमेंट दिया जा रहा है।



## कार्नर न्यूज

कवि-कथाकार शुक्ल ने कहा- गलत आलोचनाओं ने अच्छे साहित्य का नुकसान किया

# शीर्ष कवि-कथाकार विनोद कुमार शुक्ल को हिंदी का सर्वोच्च सम्मान ज्ञानपीठ पुरस्कार, घर पर आकर भेंट की प्रतिमा-चेक

**रायपुर।** हिंदी के शीर्ष कवि-कथाकार विनोद कुमार शुक्ल को हिंदी का सर्वोच्च सम्मान ज्ञानपीठ पुरस्कार उनके रायपुर स्थित निवास पर दिया गया। ज्ञानपीठ के महाप्रबंधक आरएन तिवारी ने सम्मान के साथ उन्हें वाग्देवी की प्रतिमा और पुरस्कार का चेक उन्हें प्रदान किया। श्री शुक्ल ने अपने पाठकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा"जब हिंदी भाषा सहित तमाम भाषाओं पर संकट की बात कही जा रही है, तब मुझे पूरी उम्मीद है, नई पीढ़ी हर भाषा का सम्मान करेगी। हर विचारधारा का सम्मान करेगी, किसी भाषा या अच्छे विचार का नष्ट होना, मनुष्यता का नष्ट होना है।

वे पिछले कई सालों से बच्चों और किशोरों के लिए भी लिख रहे हैं। अपने वक्तव्य में उन्होंने कहा कि "मुझे बच्चों, किशोरों और युवाओं से बहुत उम्मीदें हैं, मैं हमेशा कहता रहा हूं कि हर मनुष्य को अपने जीवन में एक किताब जरूर लिखनी चाहिए। अच्छी किताबें हमेशा साथ होनी चाहिए। अच्छी किताब को समझने के लिए हमेशा जूझना पड़ता है। किसी भी क्षेत्र में शास्त्रीयता को पाना है तो उस क्षेत्र के सबसे अच्छे साहित्य के पास जाना चाहिए।



### इससे पहले उन्होंने अपनी एक कविता का भी पाठ किया

- सबके साथ
- सबके साथ हो गया हूं
- अपने पैरों से नहीं
- सबके पैरों से चल रहा हूं
- अपनी आंखों से नहीं
- सबकी आंखों से देख रहा हूं
- जागता हूं तो सबकी नींद से
- सोता हूं तो सबकी नींद में
- मैं अकेला नहीं
- मुझमें लोगों की भीड़ इकट्ठी है
- मुझे ढूंढो मत
- मैं सब लोग हो चुका हूं
- मैं सबके मिल जाने के बाद
- आखिर में मिलूंगा
- या नहीं मिल पाया तो
- मेरे बदले किसी से मिल लेना

### आलोचनाओं को अपनी ताकत बना लें

आलोचना को लेकर उन्होंने कहा कि "किसी अच्छे काम की आलोचना अगर की जाती है तो उन आलोचनाओं को अपनी ताकत बना लें। आलोचना जो है, दूसरों का विचार है, जो उपयोगी या अनुपयोगी हो सकता है। किसी कविता की सबसे अच्छी आलोचना का उत्तर उससे अच्छी एक और नई कविता को रच देना है। किसी काम की सबसे अच्छी आलोचना का उत्तर, उससे और अच्छा काम करके दिखाना होना चाहिए। साहित्य में गलत आलोचनाओं ने अच्छे साहित्य का नुकसान ज्यादा किया है। उन्होंने कहा कि जीवन में असफलताएं, गलतियां, आलोचनाएं हर तरफ बिखरी पड़ी मिल सकती हैं, वे बहुत सारी हो सकती हैं। उस बिखराव के किसी कोने में अच्छा, कहीं छिटका-सा पड़ा होगा। दुनिया में जो अच्छा है, उस अच्छे को देखने की दृष्टि हमें स्वयं ही पानी होगी। इसकी समझ खुद विकसित करनी होगी, हमें अपनी रचनात्मकता पर ध्यान देना चाहिए। जब कहीं, किसी का साथ न दिखाई दे, तब भी चलो, अकेले चलो, चलते रहो। जीवन में उम्मीद सबसे बड़ी ताकत है। मेरे लिए पढ़ना और लिखना सांस लेने की तरह है।

## खबर संक्षेप



### विधि विवि में पुलिस फोर्स के लिए रिफ्रेशर कोर्स

**रायपुर।** हिदायतुल्ला राष्ट्रीय विधि विवि में पुलिस अधिकारियों के लिए एक दिवसीय रिफ्रेशर कोर्स का आयोजन किया गया। छग में कार्यरत पुलिस अधिकारियों के लिए यह स्पेशल कोर्स रखा गया था। यहां उन्हें नए आपराधिक कानूनों की जानकारी दी गई। नए आपराधिक कानून लागू होने के पूर्व भी विवि प्रबंधन द्वारा इस तरह के सेमिनार आयोजित किए जा चुके हैं। यहां पुलिस अधिकारियों को नए कानून और उनकी धाराओं के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान करते हुए उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया गया।

### केमिस्ट पद के लिए पात्र-अपात्र सूची जारी

**रायपुर।** आबकारी विभाग के अंतर्गत केमिस्ट पद के लिए प्राप्त आवेदनों की जांच के उपरांत पात्र एवं अपात्र अभ्यर्थियों की सूची जारी कर दी गई है। यह सूची निर्धारित मापदंडों एवं शैक्षणिक योग्यता के आधार पर तैयार की गई है। जारी सूची में उन अभ्यर्थियों के नाम शामिल किए गए हैं, जो विभागीय नियमों के अनुसार सभी आवश्यक अहर्ताएं पूर्ण करते पाए गए हैं। जो अभ्यर्थी निर्धारित शर्तों को पूर्ण नहीं कर सके, उन्हें अपात्र की श्रेणी में रखा गया है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि यदि किसी अभ्यर्थी को सूची को लेकर आपत्ति या संशोधन कराना हो, तो वह निर्धारित तिथि 19 नवंबर से 3 दिसंबर के भीतर संबंधित कार्यालय में आवश्यक दस्तावेजों सहित आवेदन प्रस्तुत कर सकता है। समय-सीमा के पश्चात किसी भी प्रकार के दावा-आपत्ति मान्य नहीं होंगे। पात्र-अपात्र अभ्यर्थियों की सूची एवं दावा आपत्ति विभागीय वेबसाइट https://excise.cg.nic.in पर अवलोकन के लिए उपलब्ध करा दी गई है।

### केन्द्रीय क्षेत्रीय छात्रवृत्ति के लिए आवेदन अब 30 तक

**रायपुर।** मानव संसाधन विकास मंत्रालय उच्च शिक्षा विभाग द्वारा कॉलेज एवं विश्वविद्यालयीन विद्यार्थियों के लिए संचालित केन्द्रीय क्षेत्रीय छात्रवृत्ति के लिए आवेदन प्रक्रिया जारी है। अब 2025 के लिए नवीन एवं पिछले वर्षों के नवीनीकरण आवेदन करने की अंतिम तिथि 15 नवंबर से बढ़ाकर 30 नवंबर तक कर दी गई है। ऐसे विद्यार्थी जो किसी कारणवश ऑनलाइन आवेदन जमा नहीं कर पाए हैं, वे राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल www.scholarships.gov.in का उपयोग कर निर्धारित तिथि तक आवेदन कर सकते हैं।

### कांग्रेस का हाथ नक्सलियों के साथ : अमित साहू

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मंत्री अमित साहू ने कहा, कांग्रेस का हाथ सदैव नक्सलियाओं और देशद्रोही ताकतों के साथ ही रहा है और कांग्रेस इन सबसे दूर नहीं जाती। अब कांग्रेस की पोस्टर गर्ल और राहुल गांधी की कार्यकर्ता द्वारा हार्डकोर हिड़मा को शहीद बताकर कांग्रेस की मानसिकता को दर्शाना दुर्भाग्यपूर्ण है। श्री साहू ने कहा, यूथ कांग्रेस की संयुक्त सचिव प्रीति मांझी का हिड़मा को शहीद बताना नितांत निंदनीय है। कांग्रेस को इस मसले पर स्पष्टीकरण देना चाहिए। क्या यह कांग्रेस का अधिकृत बयान है। श्री साहू ने कहा कि कांग्रेस हमेशा शहीद और शहीद परिवारों का अपमान करती रही है। कभी-कभी लगता है कि कांग्रेस देशद्रोही लोगों को एआईसीसी में जगह देना चाहती है और हमेशा जब भी देश विरोधी ताकतों के खिलाफ कार्रवाई होती है, तो कांग्रेस अपना राजनीतिक छाता इस्तेमाल कर उन्हें बचाने की कोशिश करती है। यही कांग्रेस का इतिहास और राजनीतिक चरित्र रहा है। श्री साहू ने कहा, इस कृत्य के लिए कांग्रेस को बिना शर्त देश से माफी मांगनी चाहिए।



# पहली बार पीएम मोदी आ सकते हैं ठाकरे परिसर, प्रदेश संगठन तैयारी में जुटा

## विमानतल से भाजपा कार्यालय तक होगा रोड शो

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लगातार इसी माह दूसरी बार रायपुर आगमन होने वाला है। इस बार वे नया रायपुर में होने वाली डीजी-आईजीपी कांफ्रेंस में शामिल होने के लिए आ रहे हैं। अब तक प्रधानमंत्री का जितनी बार भी रायपुर आगमन हुआ है, वे कभी भी भाजपा कार्यालय नहीं गए हैं। इस बार उनके कुशाभाऊ ठाकरे परिसर आने की पूरी संभावना है। 28 नवंबर की शाम को वे जब रायपुर पहुंचेंगे, तो विमानतल से लेकर भाजपा कार्यालय तक उनका रोड शो होगा। ठाकरे परिसर में कुछ समय वे रहेंगे। ऐसा पहली बार होगा जब पीएम मोदी ठाकरे परिसर आएंगे। इसको लेकर भाजपा का प्रदेश संगठन तैयारी में भी जुट गया है। पीएम के कार्यक्रम को लेकर बस पीएमओ से अंतिम मंजूरी का ही इंतजार है। पहली बार रायपुर में अखिल भारतीय डीजी-आईजीपी कांफ्रेंस हो रही है। इसमें शामिल होने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रायपुर आएंगे। उनके आगमन को लेकर जहां एक तरफ प्रदेश सरकार तैयारी में जुटी है, वहीं भाजपा का प्रदेश संगठन इसको लेकर अलग ही तैयारी कर रहा है। प्रधानमंत्री बने नरेंद्र मोदी को 11 साल हो चुके हैं, इस बीच उनका कई बार रायपुर आना हुआ है। लेकिन कभी भी ऐसा नहीं हुआ है कि वे कुशाभाऊ ठाकरे परिसर आए हों। पहले भी वे यहां पर रात्रि विश्राम कर चुके हैं, लेकिन वे भाजपा कार्यालय नहीं गए। लेकिन इस बार उनके आगमन का लाभ लेते हुए भाजपा के प्रदेश संगठन ने उनको ठाकरे परिसर आमंत्रित किया है। भाजपा नेताओं की मानें तो पीएम मोदी का भाजपा कार्यालय आने का कार्यक्रम वैसे तो तय ही है, लेकिन अभी पीएमओ से अंतिम मंजूरी का आना शेष है। इसके बाद भी पीएम का आना तय मानकर भाजपा कार्यालय में तैयारी चल रही है।





### छावनी बनेगा ठाकरे परिसर

यह तय है कि पीएम मोदी के भाजपा कार्यालय के आगमन के समय ठाकरे परिसर पूरी तरह से छावनी में बदल जाएगा। ठाकरे परिसर में सिर्फ वहीं रह पाएंगे जिनका पीएम के कार्यक्रम के लिए नाम होगा। जिनका सूची में नाम नहीं होगा, उनको ठाकरे परिसर में प्रवेश नहीं मिल सकेगा। पीएम ठाकरे परिसर में कितनी देर तक रहेंगे, यह अभी तय नहीं है। पीएमओ से मंजूरी के बाद तय होगा कि उनका ठाकरे परिसर का कार्यक्रम कितने समय का होगा।

### विमानतल से ठाकरे परिसर तक होगा भव्य स्वागत

पीएम मोदी के आगमन पर जहां उनका विमानतल पर भव्य स्वागत होगा, वहीं विमानतल से लेकर ठाकरे परिसर तक रास्ते में एक दर्जन स्थानों पर उनका स्वागत होगा। इसके लिए मंच बनाएं जाएंगे। इन मंचों पर जहां भाजपा के नेता रहेंगे, वहीं छत्तीसगढ़ी परंपरा से भी उनका स्वागत होगा। इसके लिए अलग-अलग छत्तीसगढ़ी लोक कला और नृत्य दलों को बुलाया जाएगा। इसी तरह के स्वागत की तैयारी बीते माह 31 अक्टूबर को भी उनके आगमन पर की गई थी। लेकिन तब वे यहां पर रात्रि विश्राम नहीं कर सके थे और उनका कार्यक्रम बदल गया था तो वे 31 अक्टूबर के स्थान पर एक नवंबर को पहुंचे थे। तब भी उनका भव्य स्वागत किया गया था।

### बड़े तीन निर्णय से बची गृह निर्माण मंडल की साख, मजबूत स्थिति में लेकर आए : ओपी चौधरी

# छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के राज्य स्तरीय आवास मेला का मुख्यमंत्री करेंगे उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

प्रदेश में पहली बार छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल एक साथ 22 जिलों के लिए आवास योजना लेकर आया है। इस योजना के तहत राजधानी रायपुर के बीटीआई मैदान पर राज्य स्तरीय तीन दिवसीय भव्य आवास मेला आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्घाटन मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय 23 नवंबर को करेंगे। इस मेले में पहली बार फाइनेंस कराने संबंधी लोगों को जानकारी देने के लिए सभी बैंकों के स्टॉल लगाने से लेकर बिल्डिंग मटेरियल के स्टॉल, मानक तय करने बीआईएस संस्था, वास्तु शास्त्र तथा सूर्य घर योजना संबंधी स्टॉल भी लगाए जाएंगे। आवास एवं पर्यावरण मंत्री ओपी चौधरी और छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष अनुराग सिंह देव ने संयुक्त रूप से प्रेस कांफ्रेंस में इसकी जानकारी दी।




### कर्ज से मुक्त कराकर मंडल को सरकार ने पैरालिसिस से बाहर निकाला

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष अनुराग सिंह देव ने प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि पिछले पांच साल में गृह निर्माण मंडल कर्ज से इस तरह से लद चुका था, मानों उसे पैरालिसिस हो गया है। भाजपा सरकार ने जनवरी 2025 में मंडल को कर्ज मुक्त कराकर पैरालिसिस से बाहर निकाला है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के कार्यकाल में वैसे हर सेक्टर में कई बड़े प्रोजेक्टों पर नई पॉलिसी लाकर कार्य किए हैं, जिन्हें सफलता भी मिली है। इनमें से एक छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल की नई पॉलिसी भी शामिल है।

### आवास आवंटित पोर्टल-चैटबाट लांच होगा

उन्होंने बताया कि मेला के उद्घाटन अवसर पर आवास आवंटित पोर्टल और विद्युत मंडल की तर्ज पर एआई चैटबाट लांच किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आवास आवंटित पोर्टल के माध्यम से घर क्रय करने वालों को पोर्टल के माध्यम से सारी जानकारी मिल जाएगी, वहीं चैटबाट से बातचीत कर आवास से जुड़ी योजनाएं जान सकेंगे।

### 23 से 25 नवंबर तक चलेगा मेला

उन्होंने बताया कि आवास मेला बीटीआई ग्राउंड पर 23 से 25 नवंबर तक लगाया जा रहा है। मंडल का यह पहला मेला होगा, जिसमें एक ही स्थान पर बैंकों के स्टॉल लगाने से लेकर बिल्डिंग मटेरियल के स्टॉल, मानक तय करने बीआईएस संस्था, वास्तु शास्त्र तथा सूर्य घर योजना संबंधी स्टॉल भी लगाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि फाइनेंस कराने में सबसे अधिक दिक्कत आती है तथा अब लोग वास्तु शास्त्र के अनुसार घर खरीदना ज्यादा पसंद करते हैं, इसलिए पहली बार मेला में बैंकों के स्टॉल और वास्तु शास्त्र संबंधी स्टॉल भी लगाए जा रहे हैं।

### 2064 करोड़ रुपए की परियोजना

अनुराग सिंह ने बताया कि इतिहास में पहली गृह निर्माण मंडल 2063 करोड़ रुपए की परियोजना लेकर आया है। यह परियोजना प्रदेश के 22 जिलों के लिए लाई गई है। उन्होंने बताया कि पिछले 5 वर्ष में मंडल ने ढाई सौ करोड़ रुपए का व्यवसाय किया है, लेकिन पहली बार एक वर्ष से कम समय में 600 करोड़ रुपए का व्यवसाय हुआ है, जो चालू वर्ष में किया है। उन्होंने कहा कि सरकार लगातार मंडल की योजनाओं की मॉनिटरिंग भी कर रही है। यही वजह है कि मंडल अब काफी मजबूत स्थिति में है।

### 30 प्रतिशत बुकिंग के बाद प्रोजेक्ट पर कार्य शुरू होगा

आवास मंत्री ने यह भी स्पष्ट किया है कि 10 साल पहले बने हजारों मकान बिक नहीं पाए थे। इसका कारण गलत पॉलिसी है। उन्होंने कहा कि प्रोजेक्ट लाने से पहले इसकी जांच नहीं की जाती कि आखिर कौन से इलाके या स्थान पर आवास बनाना सही होगा, जिससे उनकी बिक्री हो सके। उन्होंने कहा कि अब कोई भी प्रोजेक्ट डिमांड के आधार पर लाया जाएगा। इसके लिए 30 प्रतिशत तक बुकिंग होने के बाद ही प्रोजेक्ट पर निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। इस पॉलिसी से 30 प्रतिशत मकान प्रोजेक्ट पर कार्य शुरू होने से पहले बिक्री हो जाएंगे, वहीं कार्य शुरू होने के कुछ महीनों के भीतर बिक्री का आंकड़ा 70 प्रतिशत तक पहुंच जाएगा। इस तरह मंडल को नुकसान नहीं होगा, क्योंकि 70 प्रतिशत मकान बिकने के बाद शेष 30 प्रतिशत मकान भी धीरे-धीरे बिक जाएंगे।

### गलत पॉलिसी-कमीशन के खेल से बंद होने के कगार पर था मंडल : चौधरी

आवास मंत्री ओपी चौधरी ने प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल अपनी पॉलिसी और कांग्रेस शासन में चला कमीशन का खेल तथा वित्तीय लोन लेने के बाद भुगतान नहीं करने के कारण बंद होने के कगार पर पहुंच गया था। उन्होंने कहा कि इन तीनों कारण से मंडल की यात्रा वर्ष 2024 में काफी गंभीर थी, जो कभी भी रुक सकती थी। उन्होंने बताया कि इस यात्रा को आगे बढ़ाने के लिए सरकार ने तीन बड़े निर्णय लिए। इनमें सात हजार करोड़ से अधिक लोन का भुगतान किया, वहीं वन टाइम सेटलमेंट योजना (ओटीएस.2) लेकर आया तथा तीसरा खंडहर में बदल चुके गृह निर्माण मंडल की संपत्तियों को किफायती दरों पर बेचकर राजस्व अर्जित किया।

# बैज बोले- सोसाइटियों में किसान भटक रहे, किसी को पंजीयन तो किसी को टोकन की परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, सोसाइटी में फैली अव्यवस्था के कारण किसान पंजीयन के लिए भटक रहे हैं, लोगों का टोकन नहीं कट रहा है। किसान रोज सोसाइटी जाकर घूम कर वापस आ जा रहे हैं। सोसाइटी कर्मचारियों के हड़ताल पर जाने के कारण दूसरे विभाग के जिन कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है, उनको धान खरीदी का अनुभव नहीं है, इसलिए भी किसानों को परेशानी हो रही है। हड़ताल से वापस आने के बाद सोसाइटी कर्मचारी अभी पूरी तरह से खरीदी व्यवस्था से नहीं जुड़ पाए हैं।

श्री बैज ने कहा कि एग्रीस्टेक पोर्टल में 2023 के बाद खातों में परिवर्तन एवं बंटवारा, फौती का डाटा नहीं डाला गया है जिसके कारण भी बहुत से किसानों का आज तक पंजीयन नहीं हुआ। इसके साथ ही समिति के कम्प्यूटर में एग्रीस्टेक पोर्टल का पूरा डाटा नहीं है। पोर्टल और सोसायटी के डाटा में मिलान नहीं हो पा रहा है।

किसान जब टोकन कटाने जा रहा तब उसे बताया जा रहा कि आपका पूरा डाटा नहीं, उनको टोकन नहीं मिला रहा है। जब एग्रीस्टेक पोर्टल में सोसायटी के कम्प्यूटर में डाटा अपडेट होना था तब सोसायटी के कम्प्यूटर ऑपरेटर हड़ताल पर थे, इस कारण किसान परेशान हो रहे हैं। सरकार धान खरीदी की व्यवस्था को प्राथमिकता से सुधार करे।

## कलेक्टर ने की पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की समीक्षा

**रायपुर।** कलेक्टर गौरव सिंह ने शुक्रवार को रेडक्रॉस सभाकक्ष में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की साप्ताहिक प्रगति की समीक्षा बैठक ली। इस बैठक में सीएसपीडीसीएल के सभी जोनों के अधिकारी, बैंक प्रतिनिधि एवं संबंधित विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। कलेक्टर ने बैठक में प्राप्त आवेदनों, स्वीकृत प्रकरणों, लंबित मामलों, रिजेक्शन तथा घरों में सोलर पैनल इंस्टालेशन की वर्तमान स्थिति का विस्तृत मूल्यांकन किया। कलेक्टर डॉ. सिंह ने निर्देश दिए कि अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को समयबद्ध रूप से योजना का लाभ मिले, इसके लिए सभी बैंक शीघ्रता से प्राप्त आवेदनों को स्वीकृत करें तथा किसी भी आवेदक को अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि बैंकों द्वारा बिना पर्याप्त कारण के किसी आवेदन को रिजेक्ट करने पर कार्रवाई की जाएगी।



# बीएसयूपी मकान के नाम पर धोखाधड़ी का मामला महिला आयोग पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर



बीएसयूपी मकान दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी के एक मामले में छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष किरणमयी नायक ने नगर निगम रायपुर के आयुक्त, उपायुक्त सहित संबंधित अन्य अधिकारियों को एसपी के माध्यम से बुलावा भेजा है। आयोग की अध्यक्ष ने शुक्रवार को रायपुर स्थित आयोग कार्यालय में महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रकरणों पर सुनवाई की। इस दौरान एक प्रकरण में एक महिला ने शिकायत की थी कि उसकी मां से बीएसयूपी मकान दिलाने के एवज में तीन हजार रुपए लिए गए थे। इस बात को 9 साल बीत चुके हैं। इस दौरान उसकी मां की मृत्यु भी हो चुकी है, लेकिन अब तक उसके परिवार को बीएसयूपी का मकान नहीं मिल पाया है। महिला ने यह भी आरोप लगाया है कि बीएसयूपी मकान दिलाने का आश्वासन देने के बाद नगर निगम ने उसके घर को भी तोड़ दिया है। महिला ने आशंका जताई है कि किसी व्यक्ति ने अधिकारियों से मिलीभगत करके उसे आवंटित मकान को किसी अन्य को दे दिया है। आयोग ने आवेदिका का पक्ष सुनने के बाद इस मामले में एसपी रायपुर को पत्र लिखा है। उन्होंने इस पत्र में एसपी के माध्यम से नगर निगम के आयुक्त, उपायुक्त सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को उपस्थिति का पत्र भेजने कहा है।

# शिव प्रकाश की पदाधिकारियों को नसीहत- सत्ता का नशा न हो, आचरण रखें संतुलित

### आप भाजपा के 60 लाख कार्यकर्ताओं का करते हैं प्रतिनिधित्व, मिसाल पेश करें

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश ने भाजपा के नए प्रदेश पदाधिकारियों की पहली बार बैठक लेते हुए उनको नसीहत देते हुए दो टूक कहा- कभी भी सत्ता का नशा न हो, आप अपना आचरण संतुलित रखें।

आपको इस बात को समझना है कि आप प्रदेश के 60 लाख भाजपा कार्यकर्ताओं का प्रतिनिधित्व करते हैं, आपको मिशाल पेश करनी है, ताकि कार्यकर्ता भी आपकी तरह बनने के बारे में सोचें। प्रदेश भाजपा की कार्यकारिणी का 13 अगस्त को ऐलान किया गया था। इसके बाद पहली बार भाजपा के शिव प्रकाश ने यहां पर पदाधिकारियों की बैठक ली। पदाधिकारियों से उन्होंने कहा, आपका आचरण ऐसा होना चाहिए जो हर वर्ग और समाज में फीट हो। आप अपना आचरण जितना अच्छा और संतुलित रखेंगे उतना ही आप कार्यकर्ताओं के साथ हर वर्ग और समाज में पसंद किए जाएंगे। आपका आचरण ही आपको अलग पहचान देगा। उन्होंने कहा भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता हर पल संगठन की कार्ययोजना पर जुटा होता है। यही कारण है कि हमारे संगठन का विस्तार हो रहा है। छत्तीसगढ़ व देश में हमारी सदस्य संख्या हमारे संगठनात्मक स्वरूप का प्रतीक है। उन्होंने कहा, सबकी भूमिका पूरे प्रदेश में कार्यकर्ता, कार्यालय व कार्यक्रम के बीच सेतु के रूप में है। भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता हमेशा संगठन के लिए समर्पित होता है, इसलिए हम मजबूत होते हैं।




### संगठन के विस्तार पर चर्चा

बैठक में प्रदेश संगठन के विस्तार पर भी चर्चा की गई। इस माह के अंत तक सभी मोर्चा की कार्यकारिणी बनाने की तैयारी है। इसी के साथ अगले माह प्रदेश संगठन की कार्यसमिति का विस्तार होगा। इसी के साथ सभी प्रकोष्ठों के संयोजक और सहसंयोजक भी बनाए जाएंगे। बैठक में एसआईआर और आत्म निर्भर भारत के साथ जीएसटी और अन्य अभियानों को लेकर शिव प्रकाश को जानकारी दी गई कि क्या काम हुए हैं। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण देव ने आभार व्यक्त करते हुए कहा, हम सब विचारधारा के उपासक हैं। हमारे व्यवहार में विचार है, इसलिए सदैव विचार के लिए समर्पित होते हैं। हम सब कार्यकर्ता मजबूत संकल्प के साथ आगामी कार्ययोजनाओं के लिए जुटे हुए हैं। बैठक में क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी, यशवंत जैन, डॉ. नवीन मार्कण्डेय, लद्दाख के पूर्व सांसद व एसआईआर के प्रदेश प्रभारी जामयांग त्सेरिंग नामग्याल सहित प्रदेश पदाधिकारी मौजूद थे।

### एसआईआर प्रदेश प्रभारी व पूर्व सांसद नामग्याल के नेतृत्व में भाजपा नेता मिले निर्वाचन पदाधिकारी से

# भाजपा की शिकायत- मतदाताओं के घरों तक नहीं जा रहे बीएलओ

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर



प्रदेश में चल रहे एसआईआर को लेकर भाजपा ने ही मोर्चा खोल दिया है। भारतीय जनता पार्टी के एसआईआर प्रदेश प्रभारी व पूर्व सांसद जामयांग त्सेरिंग नामग्याल के नेतृत्व में भाजपा नेताओं ने छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन पदाधिकारी से मुलाकात कर शिकायत की है कि बीएलओ ठीक से अपना काम नहीं कर रहे हैं और मतदाताओं के घरों तक जाने के स्थान पर एक ही स्थान पर बैठकर काम कर रहे हैं।

भाजपा के एसआईआर छत्तीसगढ़ प्रभारी श्री नामग्याल ने बताया, बस्तर, सुकमा जैसे वनांचल क्षेत्र में जहां पर टेलिफोनिक सुविधा नहीं है, ऑनलाइन सुविधा नहीं है, वहां पर कैसे मतदाता सूची उपलब्ध करा सकते हैं और पोलिंग बूथ में फॉर्म जमा हो रहा है और कहां-कहां चुनाव आयोग की ओर से बीएलओ से कैसे सहयोग कर कार्य को आगे बढ़ाए, इस विषय पर विस्तार से चर्चा की गई। श्री नामग्याल ने कहा, हम सभी मिलकर एसआईआर को लेकर एक सशक्त कार्य करने जा रहे हैं। मुख्य कार्य चुनाव आयोग का है लेकिन भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता होने के नाते इस राष्ट्र निर्माण में एसआईआर के लिए हम हर स्तर पर सहयोग कर सकते हैं।

इससे पहले राज्य निर्वाचन पदाधिकारी को सौंपे गए पत्र में भाजपा नेताओं ने बताया, प्रदेश में तक चल रहे एसआईआर के दृष्टिगत राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंट को इलेक्शन रजिस्ट्रेशन ऑफिसर द्वारा अब तक बूथ लेवल एजेंट होने का परिचय पत्र नहीं दिया गया है। इसी तरह अधिकांश स्थानों में बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा एसआईआर हेतु निर्धारित मापदंडों के अनुरूप प्रक्रिया गंभीरता से नहीं की जा रही है। स्थानीय स्तर पर भाजपा के नियुक्त बूथ लेवल एजेंट द्वारा यह पाया गया है कि 16 दिन से अधिक समय बीत जाने के बाद भी अधिकांश स्थानों पर बीएलओ द्वारा मतदाता के आवास में जाकर मतदाता की जांच नहीं की जा रही है और एक ही स्थान से फार्म का वितरण किया जा रहा है।

### सूची में नहीं जुड़ पाएंगे नाम तो अन्यायपूर्ण होगा

भाजपा नेताओं ने अपने पत्र में इस विषय पर भी ध्यान आकृष्ट किया है कि भारत निर्वाचन आयोग के बीएलओ के लिए बनाए नियम के विरुद्ध कार्य होने पर भी इलेक्शन रजिस्ट्रेशन ऑफिसर द्वारा बीएलओ पर कार्रवाई नहीं की जा रही है। इससे वास्तविक मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में नहीं जुड़ पाएंगे जो अन्यायपूर्ण होगा। भाजपा नेताओं ने एसआईआर में हो रही अनियमितताओं पर यथोचित कार्रवाई करने की मांग की है। भाजपा के प्रतिनिधि मंडल में छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम अध्यक्ष सौरभ सिंह, प्रदेश प्रवक्ता डॉ. विजयशंकर मिश्रा, एसआईआर प्रदेश कार्यालय प्रभारी मोहन पवार एवं वैभव वैष्णव ने शामिल थे।

# एआई से मिलेंगी नई नौकरियां



हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

रविवि के इंस्टिट्यूट इनोवेशन काउंसिल द्वारा उद्यमियों के लिए एआई टूल्स पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि ग्रेनकार्ट प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक संस्कार तायल रहे। उन्होंने छात्रों को रोचक और सरल तरीके से महत्वपूर्ण तकनीकी पहलुओं को समझाया। उन्होंने बताया, हर तकनीकी क्रांति के समय लोगों में नौकरी खोने का डर था, लेकिन हर बार नई नौकरियां और नए अवसर पैदा हुए। उसी तरह एआई भी मनुष्यों की जगह नहीं लेगा, बल्कि उन्हें तेज, कुशल और सक्षम बनाएगा। सीएस विभागाध्यक्ष प्रो.वीके पाटले, प्रो.संजय कुमार, आईआईसी अध्यक्ष प्रो. कविता ठाकुर सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

*हरिभूमि न्यूजः रायपुर। छत्तीसगढ़ केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड की वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए जारी की गई गाइड लाइन के तहत रायपुर नगर निगम की तरह बिरगांव नगर निगम क्षेत्र के सभी वार्डों में जमीन की कीमतों में भी भारी उछाल आया है। सबसे अधिक रायपुर-बिलासपुर नेशनल हाईवे रोड से लगी जमीन का मूल्य बढ़ा है। पुरानी गाइड लाइन के अनुसार रायपुर-बिलासपुर नेशनल मुख्य मार्ग से लगी जमीन की वर्ष 2018 में प्रति फीट में अधिकतम कीमत लगभग 3 हजार रुपए थी, जो नई गाइड लाइन के आने के बाद बढ़कर अब 4 हजार रुपए से अधिक हो गई है। इस तरह प्रति वर्गमीटर 35 हजार से 45 हजार रुपए तक पहुंच गई है, वहीं हेक्टेयर में बात करें, तो ढाई करोड़ रुपए प्रति हेक्टेयर कीमत हो गई है। नेशनल हाईवे मार्ग के अंदर की जमीन की कीमतें मुख्य मार्ग से लगी जमीन की तुलना में कम बढ़ी हैं। यहां पहले प्रति फीट लगभग साढ़े चार सौ रुपए थी, जो बढ़कर अब साढ़े छह सौ रुपए हो गई है। इस तरह अंदर की जमीन की कीमत में दो सौ रुपए तक वृद्धि आई है, जो प्रति वर्गमीटर में लगभग 5 हजार से बढ़कर 7 हजार तक पहुंच गई है।*

## नई गाइड लाइन से सभी 40 वार्डों में अलग-अलग दर से बढ़ी जमीन की कीमत

# बिरगांव निगम क्षेत्र की जमीन की दर में इजाफा, रायपुर बिलासपुर नेशनल हाईवे से लगी जमीन की सबसे अधिक वैल्यू

### वार्डवार वर्गमीटर में नई दरें

| वार्ड के नाम | वर्ग मी. (मुख्य मार्ग पर) | (मुख्य मार्ग के अंदर) |
|---|---|---|
| **डा. राजेंद्रप्रसाद** | | |
| रिंग रोड-4 रायपुर-बिलासपुर बाईपास | 25000 | 45000 |
| पठारीडीह मुख्य मार्ग | 18000 | 4500 |
| राजेंद्रनगर, राजीव निर्धन आवास, अटल आवास, लटर्रा तालाब, नयी बस्ती मार्ग | 9000 | 4500 |
| **गुरु घासीदास** | | |
| पठारीडीह मुख्य मार्ग | 18000 | 4500 |
| राजेंद्रनगर, हनुमान मंदिर क्षेत्र, बिजली ऑफिस, सतनाम चौक, सतनामीपारा मार्ग | 9000 | 4500 |
| **दानवीर भामाशाह** | | |
| साहूपारा, बाजार चौक, शीतलापारा सतनाम चौक, सतनामीपारा मार्ग | 25000 | 4500 |
| **जय बूढ़ादेव** | | |
| रिंग रोड-4 रायपुर-बिलासपुर बाईपास | 25000 | 4500 |
| एचपी कालोनी, इंडस्ट्रीयल एरिया, चौखरिया तालाब, सुंदर-सांई नगर मार्ग | 9000 | 4500 |
| **राजीव गांधी** | | |
| रावणभाटा, बाजार चौक, मटखनपारा, कालीमंदिर मार्ग | 9000 | 4500 |
| **स्वामी विवेकानंद** | | |
| उरला-पठारीडीह मुख्य मार्ग | 18000 | 4500 |
| त्रिमूर्ति चौक, पारधीपारा, सिंधीपारा, पुरानी बस्ती सतनामीपारा मार्ग | 9000 | 4500 |
| **शहीद कौशल यादव** | | |
| उरला-बिरगांव मुख्य मार्ग | 18000 | 7500 |
| बाजार-गांधी चौक, दुर्गा चौक, दर्रीतालाब, सुभाष-कृष्णा चौक थाना चौक मार्ग | 14000 | 4500 |
| **रानी लक्ष्मी बाई** | | |
| उरला-कन्हेरा पठारीडीह मार्ग | 18000 | 4500 |
| मुख्य मार्ग | 11000 | 4500 |
| **हरि ठाकुर** | | |
| कृष्णा चौक, शिशु मानस भवन, दाऊ बाड़ा, प्रगतिनगर, बंधवा तालाब सहित अन्य मार्ग | 25000 | 4500 |
| रिंग रोड-4 रायपुर-बिलासपुर बाईपास मार्ग | 20000 | 4500 |
| मेटल पार्क रोड एवं सीएसआईडीसी मार्ग | 9000 | 4500 |
| मेटल पार्क हीरानगर, गौरी-गौरा चौक, जैतखाम चौक, घासीदास मंदिर सहित अन्य मार्ग | 20000 | 4500 |
| **मेटल पार्क रोड** | 9000 | 4500 |
| **पं. रविशंकर शुक्ल** | | |
| गौरी-गौरा चौक, मदरसा बाजार, महाकालेश्वर मंदिर, मस्जिद गली सहित अन्य मार्ग | 9000 | 4500 |
| **ठाकुर प्यारेलाल** | | |
| नीम चौक, बजरंग चौक, खेल मैदान, परशुराम चौक, गणेश चौक, दुर्गा मंदिर सहित अन्य मार्ग | 9000 | 4500 |
| **मां बंजारी माता** | | |
| रायपुर-बिलासपुर नेशनल हाईवे रोड | 45000 | 7000 |
| मेटल पार्क रोड | 20000 | 4500 |
| **छत्रपति शिवाजी महाराज** | | |
| सतनामीपारा, चंडी चौक, प्रेमनगर, चुरलिन चौक, दुर्गानगर मार्ग | 45000 | 7000 |
| **मां दंतेश्वरी माता** | | |
| ट्रांसपोर्टनगर | 35000 | 25000 |
| प्रगति चौक, बजरंग चौक, फुलवारी चौक, रानी खोलपारा, हृदय लाल पारा सहित अन्य | 9000 | 4500 |
| **मां शीतला माता** | | |
| उरकुरा मुख्य मार्ग, इंडस्ट्रीयल एरिया | 20000 | 5000 |
| आकाशवाणी, पेट्रोलपंप, मोतीसागर तालाब, उरकुरा बर्मीबन ईटा भट्ठा, बस्ती मार्ग | 12500 | 4500 |
| **संत कबीर दास** | | |
| हाई-मीडिल स्कूल, साहूपारा, पुरानी बस्ती, नंदी चौक रेलवे लाइन नाला क्षेत्र | 9000 | 4000 |
| **उरकुरा मुख्य मार्ग** | 20000 | 4000 |
| **ठाकुर देव** | | |
| कबीर चौक, उपस्वास्थ्य केंद्र रेलवे लाइन, बड़ा तालाब सहित अन्य मार्ग | 9000 | 4000 |
| **माधव राव सप्रे** | | |
| उरकुरा मुख्य मार्ग, अडवाणी फैक्ट्री इंडस्ट्रीयल एरिया | 20000 | 4500 |
| हाउसिंग बोर्ड कालोनी, आवासीय ब्लॉक | 10000 | 4500 |
| **कैलाश नगर** | | |
| रायपुर-बिलासपुर नेशनल हाईवे | 45000 | 7000 |
| **आकाश नगर, कैलाश नगर** | 20000 | 7000 |
| **संत रविदास** | | |
| शुक्रवारी बाजार, इतवारी बाजार, सत्यनगर, तेलुगु पारा इंदिरा नगर मार्ग | 14000 | 4000 |
| **राधा कृष्णन** | | |
| मेटल पार्क रोड | 20000 | 6000 |
| शिव-पार्वती मूर्ति, शांतिनगर, बड़ा तालाब के नीचे का क्षेत्र | 9000 | 4500 |
| **शहीद भगत सिंह** | | |
| **उरला-बिरगांव मुख्य मार्ग** | 18000 | 7500 |
| संतोषनगर-बजरंग नगर मार्ग | 12500 | 4500 |
| **मां परमेश्वरी माता** | | |
| लोहार पारा, देवांगनपारा, शिवनगर, पुरानी बस्ती, सतनामीपारा | 125000 | 4000 |
| शहीद वीर नारायण सिंह | | |
| शुक्रवारी-इतवारी बाजार, सहारा देव चौक, सतनामीपारा मार्ग | 12500 | 4500 |
| **पं. सुंदर लाल शर्मा** | | |
| विशाल कालोनी, विद्युत कालोनी, आडवानी स्कूल उरला रोड सहित अन्य | 18000 | 7500 |
| **मोहम्मद अब्दुल रऊफ** | | |
| रायपुर-बिलासपुर नेशनल हाईवे | 45000 | 6000 |
| **गौरव पथ, व्यास तालाब, विमल एन्क्लेव** | 25000 | 6000 |
| गाजीनगर, जौहरे आजम मोहल्ला, **दुर्गा मंदिर, मस्जिद क्षेत्र** | 15000 | 6000 |
| डा. भीमराव आंबेडकर | | |
| सरकारी कुंआ मोहल्ला, भालोठिया कालोनी, नूरी मोहल्ला, आजाद चौक सहित अन्य | 15000 | 7000 |
| **शहीद चंद्रशेखर आजाद** | | |
| सुभाष चौक, आजाद चौक, गायत्री नगर, गाजीनगर, परमेश्वरी नगर सहित अन्य | 18000 | 7000 |
| **सुभाषचंद्र बोस** | | |
| टिम्बर मार्केट रोड, दुर्गा नगर गेट, बाम्बे बेकरी, अटल चौक मार्ग | 15000 | 6000 |
| **भारत माता** | | |
| दुर्गानगर, रंगमंच चौक, भिलाई गोडाउन चौक तक | 9000 | 6000 |
| **पंडित जवाहरलाल नेहरू** | | |
| नागेश्वर नगर, टिम्बर मार्केट, नाला क्षेत्र | 15000 | 6000 |
| **महात्मा गांधी** | | |
| लटयारिन मंदिर, नगर निगम ऑफिस, सांस्कृतिक भवन चौक सहित अन्य मार्ग | 18000 | 7000 |
| **डा. खूबचंद बघेल** | | |
| बुधवारी बाजार चौक, बंगालीपारा से मोतीसागर तालाब चौक मार्ग | 20000 | 7000 |
| इंदिरा गांधी | | |
| शहीद नगर, मदरसा, नया बस्ती, शहीद स्कूल चौक सहित अन्य मार्ग | 15000 | 7000 |
| मिनीमाता | | |
| **सरोरा मुख्य मार्ग** | 20000 | 5000 |
| महामाया नगर, शिव मोहल्ला, बजरंग नगर, खदान रोड सहित अन्य मार्ग | 12500 | 4500 |
| मां कर्मा माता | | |
| बजरंग चौक, बाजाद चौक, लीला चौक, त्रिवेणी चौक, शीतला चौक मार्ग | 12500 | 4500 |
| **सरदार वल्लभ भाई पटेल** | | |
| कोलवा तालाबपार, स्कूलपारा, खाल्हेपारा, ठाकुरदेव, बाजार चौक सहित अन्य | 12500 | 4500 |
| डा. रविंद्रनाथ टैगोर | | |
| मंगल धाम, बाजार चौक, गणेश चौक, दुर्गा चौक, शिव मोहल्ला, काली मंदिर का क्षेत्र | 12500 | 4500 . |



### न्यूतमम 68 रुपए से लेकर अधिकतम एक हजार तक बढ़ी कीमत

उप पंजीयन रायपुर कार्यालय से नई गाइड लाइन के मिले आंकड़ों के अनुसार बिरगांव नगर निगम क्षेत्र में प्रति फीट जमीन के पीछे न्यूनतम 68 रुपए से लेकर अधिकतम एक हजार रुपए तक कीमत बढ़ी है। नेशनल हाईवे एवं मुख्य मार्ग से लगी जमीन की तुलना में मुख्य मार्ग के अंदर 20 मीटर के बाद जमीन की कीमत में वृद्धि कम हुई है। इस तरह प्रति वर्ग मीटर में न्यूनतम लगभग एक हजार रुपए से लेकर अधिकतम 10 हजार रुपए तक बढ़ी है।

## निधन

### गौतम अग्रवाल



रायपुर। कायस्थ पारा निवासी गौतम अग्रवाल (72) का 20 नवंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 21 नवंबर को मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे स्व. मदन मोहन अग्रवाल की पत्नी, संतोष, हेमा और रूबी की माताजी थीं।

### बनवारी लाल महावर



रायपुर। कविता नगर निवासी बनवारी लाल महावर (87) का 21 नवंबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम संस्कार मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे हरिराम, डॉ. हीरा, रमेश एवं सतीश के बड़े भाई एवं आलोक महावर के पिता थे।

### सेवकराम चावला



रायपुर। सहयोग पार्क महावीर नगर निवासी सेवकराम चावला का 20 नवंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार तेलीबांधा मुक्तिधाम में किया गया। वे ललित व अनिल चावला के पिता थे।

## जमीन के सौदे में अब कच्चे-पक्के के खेल पर पूर्ण विराम

# काला धन खपाने का जमीन का धंधा भी अब नई गाइड लाइन से चौपट

**जमीन की खरीदी-बिक्री में लंबे समय से कच्चे पक्के का चल रहा खेल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

जमीन का धंधा अब तक ऐसा रहा है जिसमें काला धन कमाने वाले अपना काला धन खपाने का काम करते रहे हैं।

आमतौर पर जमीन के सौदे में कच्चे और पक्के का खेल चलता है, लेकिन प्रदेश सरकार ने जमीन की जो नई गाइड लाइन जारी की है, उससे कच्चे-पक्के का खेल पूरी तरह से बंद हो गया है। अब किसी को भी जमीन लेनी है, तो उसको पूरा पैसा एक नंबर में देना पड़ेगा। जमीन के अलावा और कोई भी कारोबार ऐसा नहीं है जिसमें काला धन खपाया जा सके। सोने की खरीदी में सारा काम पक्के में होता है। 50 हजार से ज्यादा का भुगतान चेक या फिर ऑनलाइन होता है। ऐसे में इसमें कालाधन खपाना संभव नहीं है। जमीन की खरीदी-बिक्री में लंबे समय से कच्चे पक्के का खेल चल रहा था। आमतौर पर ऐसा होता है कि बाजार की कीमत से जमीन की कलेक्टर गाइड लाइन हमेशा कम रहती है। ऐसे में जमीन की खरीदी करने वाले जहां एक नंबर में सरकारी रेट में पैसा देते हैं, वहीं दो नंबर में बाकी का पैसा देकर काला धन खपाया जाता है।

### काला धन होगा डंप

जानकारों का साफ कहना है कि प्रदेश सरकार ने जमीन का रेट जिस तरह से बढ़ाया है, उससे तो अब जमीन की सरकारी कीमत बाजार मूल्य से ज्यादा हो गई है। ऐसे में अब तो कच्चे-पक्के का खेल होने का सवाल ही नहीं उठाता है। अब जमीन के कारोबार में काला धन खपाने वाले परेशान हैं कि उनके काले धन का क्या होगा। काला धन खपाने का अब कोई और साधन भी नहीं है। अगर कोई चाहे वह सोना लेकर उसमें काला धन खपा दे तो यह संभव नहीं है। इसमें भी 50 हजार से ज्यादा की खरीदी पर नगद पैसे नहीं लिए जाते हैं। ऐसे में अब काला धन कमाने वालों का काला धन या तो डंप हो जाएगा, या फिर ये अपना काले धन का उपयोग किसी और के नाम से जमीन और सोना लेकर करेंगे। लेकिन किसी और के नाम से जमीन या सोना लेना भी आसान नहीं होता है। इसमें खतरा ज्यादा है। जब भी कोई छापा पड़ता है तो इसका भी खुलासा हो जाता है।



फाइल फोटो

### 30 फीसदी रेट कम होने का मिला फायदा

प्रदेश में कांग्रेस की सरकार के समय में जमीन की कीमत को 30 फीसदी कम कर दिया गया था। ऐसे में लंबे समय से खुलकर जमीन की खरीदी बिक्री में काला धन खपाने का खेल हो रहा था। जानकारों का साफ कहना है कि अगर किसी क्षेत्र में जमीन की कीमत एक करोड़ रुपए एकड़ थी, तो उसको 30 फीसदी कम करने पर वहां पर सरकारी रेट 70 लाख हो गया था। ऐसे में जमीन की खरीदी करने वाले जहां 70 लाख रुपए एक नंबर में दे रहे थे, वहीं बाकी के 30 लाख रुपए काला धन का दे रहे थे। इसी तरह से करोड़ों का काला धन जमीन के सौदों में खपाया गया। जिनके पास बेहिसाब काला धन था, उन्होंने रीयल एस्टेट के धंधे में इसको लगा दिया।

## नाली जाम मिलने पर रेस्टोरेंट संचालक पर निगम ने 10 हजार का जुर्माना लगाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग ने एक रेस्टोरेंट के संचालक पर 10 हजार रुपए का जुर्माना लगाने की कार्रवाई की है। लालपुर चौक स्थित इस रेस्टोरेंट की गंदगी के कारण नाली जाम हो गई थी। इसकी शिकायत मिलने पर विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की।

जांच में शिकायत सही पाए जाने पर रेस्टोरेंट संचालक के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए उस पर जुर्माना लगाया। इस दौरान संचालक को रायपुर को स्वच्छ रखने भागीदार बनने की शपथ भी दिलाई। स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणीग्रही के निर्देश पर जोन 10 प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी अमित बेहरा ने अपनी टीम के साथ लालपुर स्थित आरजे 21 रेस्टोरेंट ढाबा की स्वच्छता व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान रेस्टोरेंट के आउटलेट नाली जाम मिली और उसमें गंदगी मिली। इस मामले में रेस्टोरेंट ढाबा के संचालक पर 10 हजार रुपए का जुर्माना लगाते हुए भविष्य में इस तरह की गंदगी फैलाने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी।

## बिजनेस साइट

# सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने सफलतापूर्वक आयोजित किया एमएसएमई आउटरीच अभियान



रायपुर। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज रायपुर में एमएसएमई आउटरीच प्रोग्राम एवं क्रेडिट कैंप का सफल आयोजन किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में एमएसएमई उद्यमियों ने भाग लेकर विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। देशभर में संचालित इस अभियान का उद्देश्य अधिक से अधिक उद्यमियों को बैंकिंग सुविधाओं से जोड़ना है। अभियान के दो प्रमुख घटक 'घर वापसी' और 'स्वागतम' रहे। 'घर वापसी' के तहत पूर्व ग्राहकों को बैंक से पुनः जोड़ने के लिए प्रोसेसिंग शुल्क में 100% छूट और रियायती ब्याज दर की सुविधा दी जा रही है। वहीं 'स्वागतम' के तहत नए उद्यमियों को जोड़ने पर प्रोसेसिंग शुल्क में 50% छूट और ब्याज दर में 50 बेसिस पॉइंट की रियायत प्रदान की जाएगी। रायपुर में इस अभियान का संचालन बैंक के महाप्रबंधक (मुख्यालय, मुंबई) डीएस राठौड़ के देखरेख में किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि चैंबर अध्यक्ष सतीश थौरानी उपस्थित रहे। बैंक अधिकारियों ने सेंट बिजनेस, सेंट जीएसटी, सेंट होटल और सेंट संजीवनी जैसी योजनाओं की जानकारी दी। कैंप में कुल 119 करोड़ की ऋण राशि 45 लाभार्थियों को स्वीकृत की गई।

## आईएसबीएम विवि के फार्मेसी विभाग का देवभोग दुग्ध उत्पादक इकाई में औद्योगिक भ्रमण




रायपुर। आईएसबीएम विश्वविद्यालय छुरा के फैकल्टी ऑफ हेल्थ एंड एलाइड साइंसेज द्वारा नेशनल फार्मेसी वीक के अंतर्गत शुक्रवार को विद्यार्थियों के लिए देवभोग डेयरी प्लांट कुम्हारी में शैक्षणिक औद्योगिक भ्रमण आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कुलसचिव डॉ. बीपी भोल द्वारा हरी झंडी दिखाकर टोली को रवाना करने से हुई। इस अवसर पर आईक्यूएसी निदेशक डॉ. एन. कुमार स्वामी, छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. सुभाशीष बिश्वास सहित सभी प्राध्यापक उपस्थित रहे। भ्रमण के दौरान छात्रों को दुग्ध उत्पादन, पाश्चरीकरण, गुणवत्ता नियंत्रण, पैकेजिंग तथा खाद्य सुरक्षा मानकों की बारीकियों से अवगत कराया गया। सहायक प्राध्यापक अश्वनी कुमार साहू ने बताया कि दूध संग्रह से लेकर प्रोसेसिंग और टेस्टिंग तक हर चरण का विस्तृत प्रदर्शन किया गया, जिससे छात्रों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित होगा।

## उर्मिला मेमोरियल हॉस्पिटल में आज निशुल्क ईईजी टेस्ट शिविर

UMH™ आयुष्मान भवः

रायपुर। भाठागांव स्थित उर्मिला मेमोरियल हॉस्पिटल में आज निशुल्क ईईजी टेस्ट शिविर आयोजित किया जा रहा है। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार शिविर सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक चलेगा, जिसमें अत्याधुनिक मशीनों से मस्तिष्क की विद्युत गतिविधियों की जांच की जाएगी। यह टेस्ट मिर्गी, दौरे, अनिद्रा, डिप्रेशन, संज्ञानात्मक कमजोरी जैसी कई न्यूरोलॉजिकल बीमारियों के निदान में उपयोगी माना जाता है। हॉस्पिटल के मेडिकल डायरेक्टर डॉ. विनोद कुमार सिंह ने बताया कि अक्सर लोग सिरदर्द या तनाव को सामान्य समझकर अनदेखा कर देते हैं, जबकि ये मस्तिष्क संबंधी समस्याओं के संकेत हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि ईईजी एक सुरक्षित व त्वरित जांच है, जो मस्तिष्क की गतिविधियों में सूक्ष्म बदलाव भी पकड़ लेती है। अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि बार-बार तेज सिरदर्द, झटके, स्मृति-कमी, चक्कर या बेहोशी जैसे लक्षण वाले मरीजों के लिए ईईजी टेस्ट विशेष रूप से जरूरी है। प्रबंध निदेशक श्रीमती नम्रता सिंह ने कहा कि हम लगातार जनहित में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर रहे है। नवंबर में 26 को ईको और 27 को फाइब्रोस्कैन जांच शिविर भी लगाए जाएंगे।

## पेज 03 के शेष ...

### महाविद्यालयों से गायब हो ....

पहुंचते हैं। कई विद्यार्थी ऐसे भी होते हैं, जो कॉलेज आते हैं लेकिन कक्षा में उपस्थिति लगाने के स्थान पर कैंटिन या प्ले ग्राउंड में ही समय निकाल देते हैं। पालकों से मिलकर छात्रों का प्रदर्शन करने से कक्षा में उपस्थिति बढ़ी है। इसके अलावा द्वितीय-तृतीय वर्ष में छात्र स्थानांतरण प्रमाण पत्र की मांग कर प्राइवेट परीक्षा दिलाने या दूसरे कॉलेज में प्रवेश इच्छा जाहिर करते थे। इस प्रयोग के बाद इसमें भी कमी आई है। गौरतलब है कि अपनी कुछ बैठकों में पं.रविशंकर शुक्ल विवि महाविद्यालयों में रिक्त रहने वाली सीटों को लेकर चिंता जता चुका है। कॉलेजों को दाखिले का प्रतिशत बढ़ाने उपाय करने निर्देश भी दिए गए थे।

### अब ट्रेन का पहला ....

तरीके से होगा। इससे यात्रियों को समय पर चार्ट की जानकारी हो सकेगी। दूसरे चार्ट के समय में कोई भी बदलाव नहीं किया गया है। रेलवे द्वारा ट्रेनों के संचालन के साथ ही आरक्षण चार्ट पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। ट्रेनें समय पर चलें, इसके लिए जोन और मंडलस्तर पर लगातार फोकस किया जा रहा है। मंडल व जोन में ट्रेनों की समयबद्धता 90 प्रतिशत के आसपास है। हर दिन 200 से ज्यादा ट्रेनें गुजरती हैं। रेलवे बोर्ड के निदेशक (पैसेंजर मार्केटिंग) प्रवीण कुमार ने सभी महाप्रबंधकों को दिशा निर्देश जारी किए हैं। **सेकेंड चार्ट का समय पहले जैसा ही रहेगा :** सर्कुलर के अनुसार 10 जुलाई 2025 से लागू सुबह 5 बजे से दोपहर 2 बजे तक चलने वाली ट्रेनों का चार्ट पिछले दिन रात 9 बजे और बाकी ट्रेनों का 8 घंटे पहले तैयार होने वाले नियम में बदलाव किया गया है। नई व्यवस्था के तहत ट्रेन छूटने से कम से कम 8 घंटे पहले ही फर्स्ट चार्ट नहीं बनेगा। विशेष परिस्थितियों में जोनल रेलवे अधिकार का इस्तेमाल कर सकते हैं, लेकिन सेकेंड चार्ट का समय पहले जैसा ही रहेगा। रिमोट लोकेशन से चार्ट तैयार करने की गाइडलाइंस भी ऑटोमेटिक होंगी।

### आज टूट सकती है ....

चौपाटी को पहले आमानाका ओवरब्रिज के नीचे शिफ्ट करने की योजना थी, मगर रेलवे की आपत्ति के बाद ठंडी पड़ गई है। इधर चौपाटी वाली जगह पर नालंदा-2 लायब्रेरी और अध्ययन केंद्र बनाने की योजना है। इस निर्माण के लिए नगर-निगम टेंडर प्रक्रिया भी पूरी कर चुका है, मगर वर्तमान में वहां कारोबार करने वाले व्यापारियों की शिफ्टिंग के लिए समुचित स्थान का चुनाव नहीं किया गया है। साइंस कालेज में निर्माण के दौरान काफी विरोध शुरू हो गया था। हालांकि बाद में यह चौपाटी युवाओं के बीच आकर्षण का केंद्र बन गई।

### वनडे मैच की ....

को 24 नवंबर को टिकट इंडोर स्टेडियम जाकर खरीदना होगा। आज से 48 हजार टिकट की बुकिंग शुरू हो जाएगी। ब्लैक मार्केटिंग रोकने के लिए संघ ने एक आईडी में अधिकतम 4 टिकट देने की घोषणा की है। बात दें कि वर्ल्ड डिसेबिलिटी-डे के मौके पर प्रदेश के सभी दिव्यांग खिलाड़ियों को फ्री में मैच दिखाने की तैयारी है। **2 दिसंबर को दोनों टीमें प्रैक्टिस करेंगी :** द. अफ्रीका के भारत दौरे का पहला वनडे 30 नवंबर को रांची में खेला जाएगा। जिसके बाद 1 दिसंबर को खिलाड़ियों के रायपुर आने का सिलसिला शुरू हो जाएगा। वहीं, 2 दिसंबर को दोनों ही टीमें प्रैक्टिस के लिए शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम पहुंचेंगी।

**जनरल स्टैंड्स की टिकट दरें**

1500, 2500, 3000, 3500

प्रीमियम कैटेगरी

सिल्वर – 6000, गोल्ड – 8000, प्लैटिनम – 10,000, कॉर्पोरेट बॉक्स – 20,000.

**आम सूचना**

शैलेन्द्र नगर योजना क्र. 27 के अंतर्गत शैलेन्द्र नगर रायपुर में स्थित भूमि भूखण्ड क्र. ई 82 रकबा 1250 वर्गफीट म्युनिसिपल यू आई डी RPR447C00249, के संबंध में

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकारगण श्री सदत रफत खान पिता मरहूम रफत रशीद खान निवासी मकान नं. 44 डी पी होम्स अमलीडीह रायपुर (छ. ग.) एवं श्री ओम प्रकाश साहू पिता स्व. श्री भुवेनश्वर प्रसाद साहू निवासी ग्राम पोस्ट पोंड़ तहसील अभनपुर जिला रायपुर (छ.ग.) के द्वारा विक्रेतागण श्री रविकांत मौर्या पिता श्री गोपाल चंद्र मौर्या निवासी बी 120 नियर चुस्की चाय, आकृति विहार, अमलीडीह पोस्ट रविग्राम रायपुर (छ.ग.) एवं श्री प्रताप राय पिता श्री मुकुंद राय निवासी 38 विद्या नगर सतनामी मंदिर के पास अमलीडीह, रायपुर (छ.ग.) वाले से उनके हक आधिपत्य व स्वामित्व की रायपुर विकास प्राधिकरण की शैलेन्द्र नगर योजना क्र. 27 के अंतर्गत शैलेन्द्र नगर रायपुर में स्थित भूमि भूखण्ड क्र. ई 82 रकबा 1250 वर्गफीट स्थित ग्राम टिकरापारा रायपुर प.ह.नं. 114 में खसरा नं. 296/30 का भाग जिसका म्युनिसिपल यू आई डी RPR447C00249 है को क्रय करने का सौदा पक्का कर अग्रिम बयाना राशि प्रदान कर दिया है तथा अब केवल मात्र विक्रय विलेख का निष्पादन किया जाकर पंजीयन कराया जाना मात्र शेष है।

अतः उक्त संव्यहार के कुल अथवा कुछ भाग से जिस किसी व्यक्ति संस्था, निकाय, बैंक, महाजन, वित्तीय संस्थान, शासकीय अर्धषासकीय संस्था, निगम, मंडल, अथवा दिगर किसी व्यक्ति को उजर दावा अथवा आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के पंद्रह दिवस के भीतर अपनी आपत्ति लिखित में मय दस्तावेज अधोलिखित कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद म्याद गुजरने मेरे पक्षकार द्वारा विक्रय विलेख का निष्पादन पंजीयन अपने पक्ष में करा ली जावेगी तथा बाद म्याद गुजरने की गई आपत्ति अवैध व शून्य होकर मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा।

**तदनुसार सूचना जाने**

रायपुर
दिनांक 15 नवम्बर 2025

**भवदीय**
**महेशमणी साहू अधिवक्ता**
**एफ एफ 47 डी-ई प्रथम तल श्याम प्लाजा पण्डरी रायपुर (छ.ग.)**
**मो. 9425216457**

## बिजनेस साइट

# हर तरह से इन्वेस्ट करें और फ्लेक्सीकैप का फायदा उठाएं



**संतोष कुमार बजाज**
**म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर**
**रायपुर**

**रायपुर**। लंबे समय में पैसा बनाने के लिए इक्विटी एक जरूरी एसेट क्लास है। जब कोई स्टॉक या इक्विटी में इन्वेस्ट करता है, तो वे अंदरूनी बिजनेस के हिस्सेदार बन जाते हैं, और इकॉनमी के साथ उनकी होल्डिंग्स की वैल्यू बढ़ती है, और बदले में, ये बिजनेस भी बढ़ते हैं। दूसरे एसेट क्लास की तुलना में इन्फ्लेशन-एडजस्टेड रिटर्न और कैपिटल एप्रिसिएशन की ज्यादा संभावना के साथ, इक्विटी इन्वेस्टमेंट इन्वेस्टर्स को न केवल अपनी खरीदने की क्षमता या लाइफस्टाइल बनाए रखने में मदद करते हैं, बल्कि समय के साथ उन्हें बेहतर बनाने के साथ-साथ अपने फाइनेंशियल लक्ष्यों को भी पूरा करते हैं।

इक्विटी मार्केट में इन्वेस्ट करते समय, इन्वेस्टर्स के पास लार्ज, मिड और स्मॉल स्टॉक में से चुनने का ऑप्शन होता है। बिजनेस का लार्ज, मिड और स्मॉल में यह क्लासिफिकेशन मार्केट कैपिटलाइजेशन पर आधारित है, जिसमें टॉप 100 स्टॉक को लार्ज कैप, अगले 150 को मिड कैप और बाकी को स्मॉल कैप के रूप में क्लासिफाई किया जाता है।

लार्ज कैप स्टॉक आमतौर पर स्थापित बिजनेस होते हैं जिनके बिजनेस मॉडल साबित हो चुके होते हैं, मार्केट शेयर ज्यादा होता है, और ब्रांड रिकॉल मजबूत होता है, जिससे यह पक्का होता है कि वे लगातार बढ़ें। मिड कैप स्टॉक तेजी से बढ़ने वाले बिजनेस होते हैं जिनका मार्केट शेयर बढ़ रहा होता है। स्मॉल कैप बिजनेस उभरते हुए बिजनेस हैं जिनमें ग्रोथ के लिए लंबा रास्ता है लेकिन वोलैटिलिटी ज्यादा है। इसलिए, लार्ज कैप बिजनेस मजबूत होते हैं, मिड कैप बिजनेस में तेजी होती है और स्मॉल कैप बिजनेस में पोटेंशियल होता है। इसलिए, एक इक्विटी स्ट्रैटेजी जो तीनों - लार्ज, मिड और स्मॉल कैप - को मिलाती है, वह ज्यादा बेहतर होती है, जो कम रिस्क के साथ ज्यादा रिटर्न पोटेंशियल को बैलेंस करती है।

फ्लेक्सिकैप म्यूचुअल फंड ऐसे इक्विटी फंड होते हैं जिनमें लार्ज, मिड और स्मॉल कैप स्पेक्ट्रम में इन्वेस्ट करने की फ्लेक्सिबिलिटी होती है, जो इन्वेस्टर्स को भारत के इक्विटी मार्केट का पूरा पोटेंशियल देते हैं। फ्लेक्सिकैप फंड मैनेजर बदलते मार्केट कंडीशन, वैल्यूएशन और ग्रोथ के मौकों के हिसाब से एलोकेशन को डायनामिक रूप से बदलते रहते हैं। तेज उतार-चढ़ाव फेज के दौरान, मैनेजर स्टेबिलिटी के लिए लार्ज कैप की ओर झुक सकते हैं, और इकोनॉमिक अपसाइकल के दौरान, वे ज्यादा ग्रोथ के लिए मिड और स्मॉल कैप में एक्सपोजर बढ़ा सकते हैं।

आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल फ्लेक्सिकैप फंड इसका एक उदाहरण है। यह एक डायनामिक इन्वेस्टमेंट स्ट्रैटेजी को फॉलो करता है जो बदलती मार्केट कंडीशन के आधार पर लार्ज, मिड और स्मॉल कैप सेगमेंट में एसेट्स को एलोकेट करता है। यह फ्लेक्सिबिलिटी फंड को मार्केट साइकल में ग्रोथ के मौकों को कैप्चर करने की अनुमति देती है, जबकि रिस्क को प्रभावी ढंग से मैनेज करने के लिए एक डायवर्सिफाइड पोर्टफोलियो बनाए रखता है। इसने अच्छा इन्वेस्टमेंट एक्सपीरियंस दिया है, तीन साल में 19.01 प्रतिशत सीएजीआर और शुरुआत (जुलाई 2021) से 31 अक्टूबर, 2025 तक बेहतरीन 17.32 प्रतिशत सीएजीआर दिया है।

## खबर संक्षेप

### छत्तीसगढ़ की अस्मिता पर खतरा, जताई गई चिंता

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश में सामाजिक समरसता के प्रति सामाजिक जुड़ाव के उद्देश्य से सर्व छत्तीसगढ़िया समाज का बैठक आयोजित किया गया। वैसे तो छत्तीसगढ़ राज्य को भूगोल में शामिल हुए 25 वर्ष हुआ लेकिन छत्तीसगढ़ अनादि काल से इस धरती पर विद्यमान है। विशाल सांस्कृतिक इतिहास को अपने में समेटे हुआ छत्तीसगढ़ राज्य आज अपनी अस्मिता को खोता जा रहा है। बैठक निर्णय लिया है कि छत्तीसगढ़, छत्तीसगढ़ी और छत्तीसगढ़िया अस्मिता को बचाने 5 दिसंबर को राज्यपाल को ज्ञापन सौपा जाएगा। साथ ही ग्रामीण इलाकों में से छत्तीसगढ़िया स्वाभिमान यात्रा निकाला जाएगा । छत्तीसगढ़िया स्वाभिमान यात्रा के लिए संयुक्त संयोजक समिति का गठन किया गया है।

### पीसीएनडीटी एक्ट की हुई समीक्षा

**रायपुर।** न्यू सर्किट हाउस सिविल लाइन रायपुर में पीसीपीएनडीटी एक्ट के तहत एक दिवसीय डिवीजनल लेवल की ट्रेनिंग सह समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। ट्रेनिंग में रायपुर संभाग के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, सिविल सर्जन, जिला कार्यकम प्रबंधक एवं नोडल अधिकारी पीसीपीएनडी उपस्थित रहे। सीजी में सेक्स अनुपात अन्य राज्य की अपेक्षा सही है। इस दौरान राज्य कंसल्टेंट डॉक्टर वर्षा राजपूत, जिला सलाहकार डॉक्टर प्रगति जायसवाल ने बताया कि इस एक्ट का उद्देश्य लिंग चयन और भ्रूण हत्या को रोकना, प्रसवपूर्व परीक्षण को विनियमित करना, अनधिकृत परीक्षण पर प्रतिबंध, महिलाओं के अधिकारों की रक्षा, सोनोग्राफी सेंटरों की जीआईएस मैपिंग के लिए संभाग ने नवाचार है।

### स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ को शासन से मिली मान्यता

**रायपुर।** छग शासन के सामान्य प्रशासन विभाग कर्मचारी कल्याण शाखा ने स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ को पत्राचार करने की मान्यता दी है। इस संबंध में अवर सचिव हेमंत पांडेय ने आदेश जारी किया है। कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष टारजन गुप्ता एवं प्रदेश सचिव प्रवीण ढीड़वंशी ने बताया कि स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ छग स्वास्थ्य विभाग का सबसे बड़ा कर्मचारियों का महासंघ है।संस्था द्वारा शासन से निर्धारित जानकारी एवं प्रक्रिया का पालन करते हुए पत्राचार के लिए मान्यता देने की मांग की गई थी, जिस पर शासन ने अनुमति दी है। इससे स्वास्थ्य कर्मचारियों में हर्ष का माहौल है। संघ के प्रदेश अध्यक्ष, सचिव समेत प्रदेश उपाध्यक्ष हरीश जायसवाल, प्रवक्ता सुरेश पटेल, आईटी सेल प्रभारी संतलाल साहू, प्रदेश महामंत्री आरके अवस्थी, प्रांतीय उपाध्यक्ष मिर्जा कासिम बेग, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष सरोज बाघमार, रमशीला साहू आदि ने शासन का आभार जताया है।

### अग्निशमन सेवा भर्ती ट्रेड टेस्ट माना में 26 को

**रायपुर।** छग अग्निशमन सेवा भर्ती-2025 में वाहन चालक, वाहन चालक कम ऑपरेटर पद की भर्ती के लिए दस्तावेजों की जांच, शारीरिक नाप-जोख, शारीरिक दक्षता परीक्षा में चयनित अभ्यर्थयों को अंतिम चरण में ट्रेड टेस्ट देना होगा।

# साढ़े तीन महीने की काउंसिलिंग के साथ एमबीबीएस की 2330 सीटों पर प्रवेश पूरा, अंतिम प्रवेश 423 स्कोर वाले को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पंजीयन से लेकर स्ट्रे वैकेंसी राउंड-2 की साढ़े तीन महीने की लंबी प्रक्रिया के बाद राज्य के मेडिकल कालेजों की सभी 2330 सीटों पर एडमिशन पूरा हो गया है। अंतिम राउंड में 423 स्कोर वाले छात्र को निजी मेडिकल कालेज की सीट मिली है। इसके पूर्व राउंड में एक अभ्यर्थी को 474 नीट स्कोर के आधार पर शासकीय मेडिकल कालेज दुर्ग में एडमिशन मिला था। इस निजी कालेजों मे बढ़ी सीट और एनआरआई की 60 सीट के प्रबंधन कोटे में हुए बदलाव का लाभ भी स्थानीय अभ्यर्थियों को मिला। राज्य में दस शासकीय और पांच निजी मेडिकल कालेज में एमबीबीएस की 2330 सीटें थीं। इसमें से राज्य और प्रबंधन कोटे की सीटों पर प्रवेश के लिए चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा प्रवेश के लिए काउंसिलिंग का आयोजन किया गया था। 28 जुलाई को काउंसिलिंग में शामिल होने ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया प्रारंभ हुई और अंतिम स्ट्रे राउंड-2 की प्रवेश प्रक्रिया गुरुवार 20 नवंबर को पूरी हुई। स्ट्रे राउंड के बाद राज्य कोटे की एमबीबीएस की 1 सीट बाकी थी, जिसका आवंटन 720 अंक वाले नीट में 423 अंक अर्जित करने वाले छात्र को निजी मेडिकल कालेज की सीट का आवंटन किया गया। इसके पूर्व में हुए राउंड के दौरान शासकीय मेडिकल कालेज दुर्ग में बाकी एकमात्र सीट 474 अंक वाले विद्यार्थी को मिली थी। काउंसिलिंग के दौरान शासकीय मेडिकल कालेजों की सीटों और संख्या में बदलाव नहीं हुआ, मगर निजी कालेजों में बड़ी संख्या में सीट बढ़ी और एक कालेज 100 सीटों के साथ जीरो ईयर के दायरे से बाहर आया था। ऑल इंडिया, राज्य, प्रबंधन तथा अन्य कोटे की सीट पर प्रवेश पूरा हो गया। इस पर प्रवेश नियम में किए गए बदलाव के कारण खाली बची अप्रवासी भारतीय कोटे की 60 सीटों पर भी एडमिशन का लाभ स्थानीय छात्रों को मिला।

## शासकीय कालेज में 474 अंक वाले छात्र को मिली सीट

### महीनेभर से पढ़ाई

चिकित्सा और एवं दंत चिकित्सा महाविद्यालयों में यूजी की पढ़ाई को महीनेभर से ज्यादा का समय हो चुका है। हाल में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को एक्स्ट्रा क्लास के माध्यम से अपनी अधूरी पढ़ाई पूरी करनी होगी। इधर यूजी का एडमिशन पूरा होने के बाद चिकित्सा शिक्षा विभाग की काउंसिलिंग कमेटी पीजी सीटों पर प्रवेश के लिए प्रक्रिया शुरू करने की तैयारी में है।



### बीडीएस की सीटें भी भरीं

इस बार राज्य में सात डेंटल कालेजों की 700 सीटों पर एडमिशन का काम पूरा हुआ। एकमात्र शासकीय सहित छह निजी दंत चिकित्सा महाविद्यालयों के प्रबंधन और स्टेट कोटे की सीटों पर एडमिशन का काम स्ट्रे वैकेंसी राउंड-1 के बाद पूरा हो गया था। बीडीएस में शासकीय कालेज में 332 स्कोर वाले को प्रवेश मिला और निजी कालेज में 178 अंक वाले छात्र को पढ़ाई करने का मौका मिला।

## जैसे-जैसे जांच की दिशा आगे बढ़ रही, कई चौंकाने वाले खुलासे हो रहे

# एटीएस के कब्जे में आए पाक माड्यूल के दोनों किशोरों का कई देशों से संपर्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पाक माड्यूल आईएसआईएस आतंकियों के चंगुल में फंसे किशोरों के पकड़े जाने के बाद रोज नए-नए खुलासे हो रहे हैं। एटीएस जांच में कई चौंकाने वाली जानकारी निकलकर सामने आई है। दोनों किशोर केवल पाक हैंडलरों के इशारों पर काम नहीं कर रहे थे, किशोरों का संपर्क कई और देश के लोगों के साथ होने की बात सामने आई है। इसके अलावा देश के कई अन्य राज्य के लोगों के साथ किशोर संपर्क में थे।

- कंप्लीट लॉगिन लॉग्स चैट बैकअप्स और सर्वर मेटाडेटा देने इंस्टाग्राम मुख्यालय कैलिफोर्निया को एटीएस ने किया मेल

किशोरों के आतंकी नेटवर्क तथा संपर्क को देखते हुए एटीएस ने इंस्टाग्राम मुख्यालय कैलिफोर्निया से तकनीकी डेटा जुटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। डेटा हासिल करने एटीएस ने इंस्टाग्राम मुख्यालय को मेल किया है। इंस्टाग्राम मुख्यालय को जो मेल किया गया है, उसमें लॉगिन लॉग्स चैट बैकअप्स और सर्वर मेटाडेटा देने मांग की गई है। डिवाइस और लॉग रीव्यू में कई विदेशी डिजिटल हैंडलर्स से संपर्क में किशोरों के होने के संकेत मिले हैं। एटीएस सूत्रों के मुताबिक दोनों किशोर डिजिटली रूप से काफी एक्सपर्ट हैं। दोनों किशोर को पाक हैंडलर्स डिजिटली रूप से पूरी तरह से एक्सपर्ट बना चुके थे।


आतंकी कनेक्शन का आईपी एड्रेस टेली सेंटर से क्रेक हुआ

### एटीएस ने मेल कर यह जानकारी मांगी

एटीएस जिस तकनीकी डोजियर की मांग इंस्टाग्राम से कर रही है, उसमें कई बिंदु शामिल हैं, जैसे लॉगिन हिस्ट्री मास्क्ड अकाउंट इंटरैक्शन डिवाइस लिंकिंग रीकवरी लॉग्स बदलते यूजर नेम के पैटर्न और समूह गतिविधियों की टाइमलाइन। मांगी गया यह डेटा उन उपयोगकर्ताओं तक पहुंचने में निर्णायक होगा जो छद्म पहचान बदलते नाम और अलग-अलग स्थानीय फूटप्रिंट से बातचीत कर रहे थे और जिनकी संलिप्तता अब तक जांच में सामने नहीं आई है।

### अरबी सीखने वाले टूल्स का उपयोग

लैपटॉप, इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स की जांच में सामने आया है कि दोनों किशोर अरबी सीखने वाले टूल्स तथा एप्लिकेशन का उपयोग कर रहे थे। दोनों किशोरों के अरबी सीखने का उद्देश्य विदेशी लिंक से सीधे संवाद स्थापित कर संपर्क करना था। दोनों किशोरों ने इंस्टाग्राम पेज में आईएसआईएस रायपुर नाम से एक ग्रुप बनाया था। ग्रुप में सम विचार वाले लोगों को जोड़ा जा रहा था।

### डार्क वेब से हथियारों की खोज

पकड़े गए दोनों किशोर के लैपटॉप तथा मोबाइल की पड़ताल में एटीएस को कई चौंकाने वाली जानकारी मिली है। दोनों किशोर द्वारा डार्क वेब ट्रेल्स से घातक हथियारों की खोज किए जाने की जानकारी एटीएस को मिली है। किशोरों द्वारा संबंधित खोज को एटीएस हाई रिस्क कैटेगरी में रख कर जांच कर रही है।

### जांच का दायरा लगातार बढ़ रहा

दोनों किशोरों पर शिकंजा कसने के बाद एटीएस की जांच का दायरा और बढ़ता जा रहा है। एटीएस की जांच राज्य के अलग-अलग जिलों से लेकर दूसरे राज्यों तक पहुंच चुकी है। भिलाई के जिन चार लड़कों के एटीएस द्वारा पकड़े जाने की बात सामने आई है, उन लड़कों को पूछताछ के बाद छोड़ दिया गया है। एटीएस लड़कों के मोबाइल को अस्थायी तौर पर जब्त कर तकनीकी जांच कर रही है। तकनीकी जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### तालीम देने वालों से होगी पूछताछ

एटीएस ने जिन दो किशोरों को पकड़ा है, उन किशोरों को जिन लोगों से धार्मिक तालीम मिलती थी, एटीएस जरूरत पड़ने पर उन लोगों से भी पूछताछ कर सकती है। साथ ही तालीम देने वाले लोगों से दोनों लड़कों की गतिविधि तथा उनके व्यवहार के बारे में एटीएस के अफसर आने वाले दिनों में पूछताछ कर सकते हैं।

# फेसबुक में आर्मी जवान बनकर झांसा देकर फंसाने वाले दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



फर्जी आर्मी जवान बनकर कम कीमत पर कार सहित अन्य सामान बचेने का झांसा देकर ठगी करने के आरोप में दो जालसाजों के रेंज साइबर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। रेंज साइबर पुलिस ने दोनों जालसाजों को ऑपरेशन साइबर शिल्ड के तहत ओडिशा से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार जालसाजों के खिलाफ देश के अलग-अलग 15 राज्यों में ठगी के 38 अपराध दर्ज हैं।

- गिरफ्तार जालसाज ओडिशा के रहने वाले

फर्जी आर्मी जवान बनकर ठगी करने के आरोप में रेंज साइबर पुलिस ने ओडिशा केऊंझर निवासी अजय हो तथा जैजेपुर निवासी चिन्मय राउत को गिरफ्तार किया है। अजय ठगी की रकम को ठिकाने लगाने का काम करता था। दोनों आरोपियों द्वारा धोखाधड़ी में प्रयुक्त बैंक खाता एवं मोबाइल नंबर की जांच करने पर पाया गया कि दोनों जालसाज छत्तीसगढ़ के साथ असम, केरल, कर्नाटक, पंजाब, उत्तरप्रदेश, तेलंगाना, बिहार, दिल्ली, गुजरात, जम्मू कश्मीर, महाराष्ट्र, राजस्थान, तमिलनाडु में पश्चिम बंगाल में ठगी की गई है।

**स्कार्पियो बेचने का झांसा देकर साढ़े नौ लाख की ठगी :** दो वर्ष पूर्व देवभोग थाना में भोलेश्वर सोरी ने ठगी की शिकायत दर्ज कराई थी। दर्ज शिकायत के अनुसार भोलेश्वर ने फेसबुक में स्कार्पियो कार बिक्री का एक एड देखा। एड में दिए गए मोबाइल नंबर पर संपर्क किया, तो जालसाज ने अपने आपको एक्स आर्मी मैन बताते हुए अपना ट्रांसफर दूसरी जगह होने का झांसा देकर भोलेश्वर से औने-पौने दाम में कार बेचने सौदा कर अपने अकाउंट में साढ़े नौ लाख रुपए ट्रांसफर कराकर ठगी की।

### आर्मी मैन बन शेयर ट्रेडिंग का झांसा देकर ठगी

एक अन्य मामले में चिन्मय ने अपने आपको आर्मी अफसर बताकर पार्ट टाइम शेयर ट्रेडिंग का काम करने का झांसा देकर विरल पटेल से 40 लाख रुपए की ठगी की। विरल ने खम्हारडीह थाना में शिकायत दर्ज काराई है कि चिन्मय ने उसे अपना परिचय आर्मी अफसर के रूप में देते हुए पार्ट टाइम एएसके इन्वेस्टमेंट मैनेजर बताकर शेयर ट्रेडिंग में मुनाफा मिलने का झांसा देकर ठगी की।

# राइजिंग पाइप लाइन लीकेज, 6 घंटे लगे मरम्मत में, पानी आज से मिलेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



राजधानी रायपुर के भाठागांव मुख्य मार्ग पर राइजिंग पाइप लाइन में लीकेज को नगर निगम के पाइप लाइन सुधार अमला ने ठीक कर दिया है। इसके लिए अमले को 6 घंटे मशक्कत करनी पड़ी। यह पाइप लाइन गुरुवार को लीकेज हुआ था, जिसे सुधारने के लिए शुक्रवार को 8 घंटे का शटटाउन लिया गया था, लेकिन इसे 6 घंटे में ही ठीक कर लिया गया। सुधार कार्य के कारण अनेकों कालोनी एवं मोहल्लों में शाम के समय पानी की सप्लाई नहीं हो पाई, जिसके कारण लोगों को परेशान भी होना पड़ा।

जल कार्य विभाग के कार्यपालन अभियंता फिल्टर प्लांट नरसिंह फरेंद्र ने बताया कि 150 एमएलडी प्लांट के रॉ वाटर 1400 एमएम व्यास की एचएस राइजिंग पाइप लाइन की भाठागांव मुख्य मार्ग में गणेश ट्रेडर्स के पास लीकेज हुआ था, जिसकी मरम्मत के लिए 8 घंटे का शटडाउन लिया था। इसके तहत सुबह 9 बजे से मरम्मत का कार्य शुरू किया, जो दोपहर करीब 3 बजे तक चला। इन 6 घंटे में मरम्मत का कार्य पूर्ण कर लिया गया, लेकिन टंकियों में पानी भरने में समय लग गया, जिसके कारण शाम की पाली की सप्लाई प्रभावित रही। उन्होंने बताया कि शनिवार को नियमित रूप से पानी की आपूर्ति शुरू हो जाएगी।

### ये इलाके रहे प्रभावित

रिपेयरिंग कार्य करने के कारण 150 एमएलडी. प्लांट से भरने वाली टंकियों भाठागांव, चंगोराभाठा, कुशालपुर, डीडी नगर, ईदगाहभाठा, सरोना, टाटीबंध, कोटा, कबीर नगर, जरवाय, गोगांव, मठपुरैना, लालपुर, अमलीडीह, अवंति विहार, मण्डी, मोवा, सडडू, दलदल सिवनी, रामनगर, कचना, आमासिवनी, देवपुरी, बोरियाखुर्द, जोरा, भनपुरी नया, रायपुरा, कुकुरबेड़ा एवं नया 80 एम.एल.डी. प्लांट से भरने वाली टंकियों बैरन बाजार नया, देवेंद्र नगर नया, संजय नगर तथा मोती बाग टंकी नहीं भरने से इस क्षेत्र के कई मोहल्लों में शाम के समय पानी नहीं मिला।

# कार वर्कशॉप डीलर के खिलाफ इंजन बदलने की थाने में शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

डीडीनगर थाना में बिलासपुर के एक सीए ने डीलर महादेवा कार प्राइवेट लिमिटेड के संचालकों के खिलाफ इंजन बदलने की थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। सीए की शिकायत पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

- बिलासपुर निवासी पेशे से सीए ने शिकायत दर्ज कराई

बिलासपुर के विनोबा नगर निवासी एवं पेशे से चार्टर्ड अकाउंटेंट सत्यकाम आर्य ने इंजन चोरी कर पुरानी कार का इंजन लगाने की शिकायत दर्ज कराई है। सत्यकाम ने पुलिस को बताया है कि 27 सितंबर को उनकी कार का ड्राइव बेल्ट माना के पास टूट गया था। दूसरे दिन कार को अधिकृत वर्कशाप महादेवा कार्स में टोचन कराया गया। वहां इंजन खोलकर जांच करने की बात कहकर सर्विस एडवाइजर सुयश साहू ने तीन लाख 81 हजार 609 का भारी-भरकम अनुमानित बिल दिया। रकम अधिक होने पर सत्यकाम ने कार को बिना रिपेयर करवाए वापस करने कहा। 31 अक्टूबर को गाड़ी टोचन कर बिलासपुर भेजी गई, लेकिन कार पूरी तरह डिस्मेंटल्ड स्थिति में लौटी। इंजन के पार्ट्स खुले हुए थे। इसके बाद बिलासपुर वर्कशाप में इंजन की जांच करने पर पता चला कि कार का मूल इंजन नंबर गायब था। उसकी जगह दूसरा इंजन फिट किया गया था, जो जांच में राजनांदगांव निवासी व्यक्ति की कार का निकला। इसकी शिकायत सत्यकाम ने 14 नवंबर को डीलरशिप को लिखित में दी। आरोप है कि या तो उनका असली इंजन चोरी किया गया या जानबूझकर किसी दूसरे वाहन का पुराना इंजन फिट करके वापस भेजा गया। रिपोर्ट में सुनील मदान्यानी, काश्वी मदान्यानी, मोहित मदान्यानी पर आरोप लगाए गए हैं।




# सरकारी कर्मियों के लिए मोदी की गारंटी नहीं हुई पूरी, जाएंगे हड़ताल पर

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में सरकारी कर्मियों के चुनावी वादे के रूप में दी गई मोदी की गारंटी की समीक्षा के बाद कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन का कहना है कि यह पूरी नहीं हो पाई है। फेडरेशन ने राज्य सरकार पर उपेक्षापूर्ण रवैया अपनाने का आरोप लगाते हुए 22 दिसंबर से आंदोलन की चेतावनी दी है। एक बयान में फेडरेशन ने कहा है कि प्रदेशभर के शासकीय कर्मचारियों एवं अधिकारियों के विरुद्ध हो रही अवैधानिक एवं दमनात्मक कार्रवाई की प्रशासनिक प्रवृति के विरुद्ध सर्वसम्मति से निंदा प्रस्ताव पारित किया गया। फेडरेशन ने मुख्य सचिव से तत्काल हस्तक्षेप कर रायपुर कलेक्टर द्वारा धान खरीदी के नाम पर चार शासकीय सेवकों पर दर्ज कराई गई एफआईआर को निरस्त (शून्य) करने की मांग की है।

**कर्मचारी का पक्ष न सुनना लोकतंत्र पर आघात :** फेडरेशन का आरोप है कि सरकार द्वारा कर्मचारियों के खिलाफ दमनात्मक रवैया अपनाया जा रहा है। कर्मचारियों का पक्ष सुने बिना एक तरफा दंडात्मक कार्यवाही करना लोकतंत्र पर सीधा आघात है। लोकतांत्रिक आंदोलन को कुचलने के लिए कर्मचारी नेताओं की गिरफ्तारी, निलंबन एवं बर्खास्तगी जैसे कदम उठाए जा रहे हैं। जो असहनीय है। एनएचएम कर्मचारियों से किए गए वादों का पालन न होना तथा स्वास्थ्य मंत्री के लिखित निर्देशों के बावजूद बर्खास्त कर्मचारियों की बहाली न होना एक गंभीर चिंता का विषय है तथा असहिष्णुता का द्योतक है।

### सोसाइटी कर्मियों को मानसिक प्रताड़ना

फेडरेशन के मुताबिक धान खरीदी व्यवस्था में कार्यरत कर्मचारियों पर लगातार मानसिक प्रताड़ना एवं अनुचित दबाव बनाया जा रहा है। बैठक में यह स्पष्ट किया गया कि कृषि विभाग के सचिव द्वारा पूर्व में ही धान खरीदी के दौरान अधिकारियों,कर्मचारियों के खिलाफ अनुचित कार्रवाई न करने का निर्देश दिया गया था। इसके बावजूद कर्मचारियों पर दमनात्मक कदम उठाए जा रहे हैं।

# ऑपरेशन निश्चय के तहत सवा सौ बदमाश दबोचे गए



**रायपुर।** राजधानी पुलिस ने शुक्रवार तड़के चार बजे जिलेभर में निश्चय अभियान चलाकर छापे की कार्रवाई की। कार्रवाई में पुलिस की 60 अलग-अलग टीमों ने 100 से अधिक संदिग्ध स्थानों पर एक साथ दबिश दी। कार्रवाई में कुल 134 अपराधियों और असामाजिक तत्वों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

एसएसपी डा. लाल उम्मेद सिंह के मार्गदर्शन में चले अभियान में नशे का कारोबार, अवैध शराब बिक्री, फरार आरोपितों की गिरफ्तारी और शांति व्यवस्था भंग करने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई की गई।

- अपराध पर अंकुश लगाने पुलिस की 60 टीम गठित कर सौ से ज्यादा जगहों पर छापा

अभियान के दौरान छह आरोपियों को गांजा सहित अन्य मादक पदार्थ बेचते गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने इनके कब्जे से 3.8 किलो गांजा, 80 प्रतिबंधित नशीली टेबलेट जब्त की। पुलिस टीमों ने अलग-अलग क्षेत्रों से अवैध शराब बेचने वाले 29 कोचिया को गिरफ्तार कर 705 पाव शराब जब्त की है। इसके अलावा, पुलिस ने फरार अपराधियों की तलाश में सर्च आपरेशन चलाकर 21 स्थायी, गिरफ्तारी वारंट तामिल किए। सात पुराने फरार बदमाशों को गिरफ्तार किया गया। 70 आरोपियों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई। वहीं शांति व्यवस्था खराब करने की आशंका वाले 70 संदिग्धों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई की गई।

### दिन में गर्मी, रात में हल्की ठंड, तीन डिग्री तक चढ़ा पारा

**रायपुर।** पूर्वी हवा के प्रभाव से राज्य में शीतलहर का प्रभाव टल गया है। अभी की स्थिति में रात में हल्की ठंड है और दिन में गर्मी महसूस हो रही है। 6 डिग्री तक लुढ़क चुका राज्य का न्यूनतम तापमान 11 के करीब पहुंच गया है। शहर में भी ठंड सुबह-सुबह ही महसूस हो रही है और आउटर में इसका प्रभाव ज्यादा है। राज्य में अब पूर्वी हवा का प्रभाव असर दिखा चुका है और कड़ाके की ठंड अब हल्की हो चुकी है। इस तरह का प्रभाव अगले दो से तीन दिन रहने की संभावना है। इसके बाद हवा का आगमन पुनः उत्तर से होता है, तो तापमान में गिरावट की शुरुआत होगी। इधर प्रदेश के विभिन्न इलाकों में सर्दी अपनी सामान्य स्थिति में आ चुकी है। पिछले चौबीस घंटे में अंबिकापुर का न्यूनतम तापमान 10.5 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया था जो चार दिन पहले 6 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच चुका था। इसी तरह 13 डिग्री के पारा के साथ रायपुर में अच्छी ठंड पड़ रही थी जो अब सुबह- सुबह ही ज्यादा प्रभाव दिखा रही है।

- शहर में भी कम हुआ असर, सुबह-सुबह महसूस हो रही

## पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

**9827555678, 8224868411**

# तीन बदमाशों के खिलाफ जिलाबदर की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अपराधियों पर नकेल कसने एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह की अनुशंसा पर जिला दंडाधिकारी ने तीन बदमाशों को जिलाबदर किया है। आदेश शुक्रवार को जारी किया गया। इससे पहले सिर्फ एक सप्ताह पूर्व ही छह बदमाशों को जिला बदर किया गया था। इसी क्रम में अन्य कई अपराधियों की रिपोर्ट भी प्रक्रिया में है। पुलिस प्रशासन इसे अपराध नियंत्रित करने की सख्त पहल मान रहा है।

- एक महीने के भीतर दर्जनभर बदमाश किए गए तड़ीपार

जारी आदेश के अनुसार जिन तीनों आदतन बदमाशों का जिलाबदर करने आदेश दिया गया है, उन्हें सात दिन के भीतर 27 नवंबर तक रायपुर, दुर्ग, गरियाबंद, धमतरी, महासमुंद और बलौदाबाजार की राजस्व सीमाओं से बाहर जाने आदेश दिया गया है। इसके बाद बदमाश अगले तीन माह यानी 20 फरवरी 2026 तक बिना सक्षम न्यायालय की अनुमति के इन जिलों की सीमाओं में प्रवेश नहीं कर सकेंगे।





### इन तीन बदमाशों को किया तड़ीपार

- राहुल सेन (29) तिल्दा नेवरा थाना क्षेत्रः राहुल सेन के खिलाफ चेन स्नेचिंग, चोरी और नकबजनी जैसे गंभीर मामलों में अपराध पंजीबद्ध हैं। लगातार आपराधिक गतिविधियों में शामिल रहने के कारण इसे जिला बदर किया गया है।
- चंदन जैन (26) थाना गोबरानवापाराः चंदन जैन के विरुद्ध बलवा, अवैध शराब बिक्री, मारपीट, गुंडागर्दी और जुआ खेलने जैसे कई अपराध दर्ज हैं। इसे पंजीकृत लगातार गतिविधियों के आधार पर आदतन अपराधी माना गया है।
- शिवम तांडी उर्फ मच्छी (29) थाना सिविल लाइनः शिवम तांडी पर गाली-गलौज, मारपीट, चाकूबाजी, हत्या का प्रयास, चोरी और अवैध हथियार रखने जैसे गंभीर अपराध दर्ज हैं। अपराधों की संख्या और प्रकृति को देखते हुए जिला बदर की कार्रवाई की गई।

